आवस्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

दैनिक

# उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 अंक : 189 हापुड़, शनिवार 25 जनवरी 2025 RNI.NO. UPHIN/2020/86789 मूल्य:03 पेज: 06

## महाकुंभ के बारे में रोज दुष्प्रचार कर भारत की आस्था से खिलवाड़ करते हैं सपा अध्यक्ष - सीएम योगी

अयोध्या । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाजवादी पार्टी बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर व अन्य महापुरुषों का विरोध करती है, लेकिन माफिया से प्यार करती है। यह लोग माफिया के मरने पर आंसू बहाते हैं और मर्शिया पढ़ने जाते हैं। उन्होंने कहा कि देख सपाई, बिटिया घबराई। दलित बेटी की इज्जत के साथ खिलवाड़ करने वाला मोईद खान सपा का हीरो होता है। बेटी की इज्जत के साथ खिलवाड़ करना ही सपा का वास्तविक चरित्र है। दुर्भाग्य से अयोध्या से बने सपा के सांसद मोईद खान को सिर पर लेकर ढोते हैं। उसकी पैरवी करते हैं, फोटो खिंचवाने में उन्हें गौरव होता है। सीएम योगी ने अपील की कि मोईद खान के भक्तों को चुनाव नहीं जिताना है। इसे सिर आंखों पर बैठाने वाले लोग बेटियों की सुरक्षा में खतरा हैं। भदरसा का चेयरमैन दलितों की जमीन पर कब्जा करके बैठा था, लेकिन उसे बताया गया कि जबर्दस्ती यहां नहीं चलती है। यहां दलित-गरीब की सुनवाई होगी, माफिया-अपराधी की नहीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिल्कीपुर उपचुनाव में सपा को आड़े हाथ लेते हुए भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हाल में हुए उपचुनाव में 9 में से 7 पर





भाजपा ने जीत दर्ज की है। मिल्कीपुर को रिकॉर्ड तोड़ना है और राष्ट्रवादियों को चुनाव जिताना है। उन्होंने कहा कि मेरी पूरी कैबिनेट ने 22 जनवरी को प्रयागराज में मां गंगा, यमुना व सरस्वती की त्रिवेणी पर डुबकी लगाई। हम सौभाग्यशाली हैं कि देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा का अवसर प्राप्त हो रहा है। 10 दिन में प्रयागराज में 10 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में स्नान किया। 45 करोड़ से अधिक आबादी सिर्फ भारत और चीन की है, लेकिन प्रयागराज महाकुंभ में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। यहां बिना जाति, भेदभाव के लोग संगम में स्नान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ का एक ही संदेश- एकता से ही अखंड रहेगा यह देश, लेकिन जातिवाद-परिवारवाद एकता के मार्ग में सबसे बड़ी चुनौती और विकास में बाधा है। जातिवाद-परिवारवाद की राजनीति वे लोग कर रहे हैं, जिन्होंने केवल परिवार की चिंता की। जनता-जनार्दन, दलित-वंचित, पिछड़ी जाति के व्यक्ति का उत्थान नहीं किया। डॉ. लोहिया ने कहा था कि जो संपत्ति व संतति के चक्कर में पड़े, वह समाजवादी नहीं, लेकिन आज के समाजवादी संपत्ति के चक्कर में ही पड़े हैं। खाली प्लॉट पर कब्जा कर इनके झंडे लग जाते थे। सपा का झंडा अपराधियों व माफिया को बचाने के लिए था। इनकी सहानुभूति कभी गरीब, कमजोर के प्रति नहीं होती। उन्होंने कहा कि सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री महाकुंभ के बारे में रोज दुष्प्रचार कर भारत की आस्था से खिलवाड़ करते हैं। 22 जनवरी 2024 को जब प्रभु रामलला अयोध्या में विराजमान हुए, समाजवादी पार्टी ने तब भी विरोध किया था। यह वही समाजवादी पार्टी है, जिसके हाथ कारसेवकों के खून से सने हैं। इन लोगों ने कारसेवकों के खून से सरयू मैया को लाल किया था। अयोध्या में राम मंदिर, एयरपोर्ट का नाम वाल्मीकि जी के नाम पर रखने, प्रयागराज महाकुंभ, संत रविदास की जन्मभूमि सीर गोवर्धन, महर्षि वाल्मीकि की साधना स्थली लालापुर, संत तुलसीदास के राजापुर, लखनऊ के बिजली पासी के किले के सुंदरीकरण, बहराइच में महाराज सुहेलदेव के विजय स्मारक को भव्य रूप दिया गया, पीएसी की तीन महिला बटालियन वीरांगना उदा देवी, झलकारी बाई व अवंती बाई के नाम पर गठन की कार्रवाई को बढ़ाया गया तो सपा ने इसका विरोध किया। सपा ने दंगाइयों की काल यूपीपीएसी की 54 कंपनियों को समाप्त कर दिया था। सपा ने कन्नौज के मेडिकल कॉलेज से बाबा साहेब का नाम बदल दिया, लेकिन हमारी सरकार ने फिर से उसका नाम बाबा साहेब के नाम पर रखा। सीएम योगी ने कहा कि कुमारगंज का कृषि विश्वविद्यालय आचार्य नरेंद्र देव के नाम पर है। इसका उन्नयन किसी से छिपा नहीं है। हैरिंग्टनगंज का नाम भी स्वामी वामदेव व विष्णु नगर के नाम पर होना चाहिए। सपाई गुलामी की मानसिकता को लेकर चलें, लेकिन हम राम-कृष्ण, बाबा विश्वनाथ व सरयू मैया पर विश्वास करने वाले लोग हैं। आज दुनिया वाले अयोध्या के लोगों को गले लगाते हैं। पीएम मोदी के विजन के कारण यह सम्मान प्राप्त हो रहा है। सपा का बस चलता तो अयोध्या से आपका नाम भी हटा देती। सपा ने पूरी ताकत लगाई थी कि गुलामी के ढांचे को कोई टस से मस न कर सके, लेकिन हम लोग कहते थे कि यह हटेगा जरूर। हमारे वर्तमान व पूर्व जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र का निरंतर विकास किया। भाजपा में परिवारवाद व जातिवाद नहीं, सिर्फ राष्ट्रवाद है। भाजपा कार्यकर्ता का सब कुछ देश के लिए है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटी-बहन, व्यापारी, नागरिक, दलित, वंचित, किसान की सुरक्षा में खतरा बने सपा के शागिर्द माफिया को जहन्नुम की यात्रा पर भेज दिया गया। पूरे देश में लोग कहते हैं कि यूपी की पुलिस बहुत अच्छा काम कर रही है। यूपी पुलिस के एक इंस्पेक्टर मुठभेड़ में अभी शहीद हुए हैं। हर किसी को सुरक्षा प्रदान करना हमारी सरकार का दायित्व है। सपा सरकार के समय पर्व पर दंगा शुरू हो जाता था। बेटी सड़क पर नहीं निकल सकती थी।

गाय और भैंस भी चोरी हो जाती थी। दरअसल जो जितना बड़ा डकैत व माफिया होता था, सपा में उसे उतना बड़ा ओहदा मिलता था। सीएम ने कहा कि आज यूपी दिवस है। 1950 में यूपी के नाम से आज ही के दिन नोटिफिकेशन निकला था। उस समय वाराणसी व रामपुर यूपी से जुड़े थे। यूपी ने आज 75 वर्ष पूरे किए, 76वें वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं। यूपी का नागरिक सिर उठाकर दुनिया में जाएगा तो उसे सम्मान मिलेगा। अयोध्या देश की पहली सोलर सिटी बनी है। सपा के समय राम की पैड़ी में जल सड़ता था, आज हरिद्वार की तर्ज पर राम की पैड़ी का जल पुण्य का भागीदार बनाता है। दीपोत्सव नई पहचान दे रहा है, इसलिए मिल्कीपुर को भी अयोध्या की तरह विकास की बुलंदियों पर पहुंचाना है।

## महाकुंभ में अब साधु-संत भी करेंगे मन की बात



महाकुंभ नगर । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चर्चित रेडियो कार्यक्रम मन की बात की तर्ज पर प्रयागराज महाकुंभ में साधुओं के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में सनातन धर्म के प्रमुख विषयों और योगी सरकार के दिव्य और भव्य महाकुंभ के आयोजन के विभिन्न विषयों को केंद्र में रखकर साधु-संत अपनी बात रखेंगे। प्रयागराज में त्रिवेणी के तट पर आयोजित हो रहे महाकुंभ में हर तरफ भक्ति, मुक्ति और तत्व ज्ञान की बातों की चर्चा है। इस विचार मंथन को वृहद स्वरूप प्रदान करने के लिए महाकुंभ में पहली बार साधु-संतों के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रवक्ता श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी प्रकाशानंद बताते हैं कि महाकुंभ के सेक्टर-20 में हरिधाम सनातन सेवा ट्रस्ट में इस कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन 25 जनवरी को दोपहर 2 से 5 बजे तक होगा। इसमें संन्यासी, वैरागी और उदासीन सभी अखाड़ों के प्रमुख संतों के अलावा सभी हिंदू संप्रदायों के साधु-संत हिस्सा लेंगे। इसमें तपोनिधि श्री पंचायती अखाड़ा आनंद के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद गिरी, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी, श्री पंच दशनाम अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अरुण गिरी, महामंडलेश्वर कनकेश्वरी देवी, श्री पंच दिगंबर अनी अखाड़े के श्री महंत माधवदास, शनि धाम पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर परमहंस दाती महराज, श्री शंभू पंच अग्नि अखाड़े के संपूर्णानंद ब्रह्मचारी, श्री दिगंबर अखाड़े के महामंडलेश्वर कंप्यूटर बाबा प्रमुख हैं। प्रयागराज महाकुंभ में आए लाखों साधु-संत अपने विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संकल्पों को लेकर श्रद्धालुओं के बीच आए हैं। महाकुंभ जैसा विशाल आयोजन साधु-संतों के साथ श्रद्धालुओं को जोड़ता है, जहां सामान्य तौर पर श्रद्धालुओं की आध्यात्मिक उन्नति और मुक्ति के विषयों पर ही प्रवचन या सत्संग के कार्यक्रम होते हैं। वर्तमान समय में सामाजिक व्यवस्था में आई चुनौतियों पर संत समाज की बात के लिए मंच नहीं मिल पाता। इसे मंच प्रदान करने का माध्यम बनेगा %साधु कहें मन की बात% कार्यक्रम। कार्यक्रम के प्रवक्ता स्वामी प्रकाशानंद बताते हैं कि साधु-संतों के धार्मिक और सामाजिक संकल्पों पर साधु-संत इस मंच से अपने मन की बात करेंगे। इसमें गौ हत्या पर रोक के साथ दिव्य और भव्य महाकुंभ के आयोजन के विभिन्न आयाम सम्मिलित हैं।

## केजरीवाल ने दिल्ली की कानून व्यवस्था को लेकर योगी आदित्यनाथ पर किया पलटवार

नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की कानून व्यवस्था की स्थिति की आलोचना करने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर शुक्रवार को पलटवार किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली की कानून-व्यवस्था केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन आती है और योगी को इसे सुधारने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को मार्गदर्शन देना चाहिए।




आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को दिल्ली आए थे। उन्होंने एक बहुत अच्छी बात कही, जिसका पूरी दिल्ली के लोग समर्थन करते हैं। योगी आदित्यनाथ ने मुद्दा उठाया कि दिल्ली में कानून-व्यवस्था बिल्कुल चरमरा गई है। मैं और दिल्ली के लोग उनकी इस बात से शत प्रतिशत सहमत हैं। दिल्ली के अंदर खुलेआम गैंगस्टर्स घूम रहे हैं। दिल्ली में 11 बड़े-बड़े गैंगस्टर्स के ग्रुप हैं, जिन्होंने पूरी दिल्ली को 11 हिस्सों में बांट लिया है और खुलेआम व्यापारियों से फिरौती मांगी जा रही है। व्यापारियों को फोन आ रहे हैं कि 3-4 करोड़ दे दो, वरना पूरे परिवार को खत्म कर देंगे। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ ने माना था कि अमित शाह के नेतृत्व में दिल्ली की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। सड़कों पर खुलेआम गैंगवार हो रहे हैं। लोगों की हत्याएं हो रही हैं। पूरी दिल्ली दहशत में हैं। केजरीवाल ने कहा कि अमित शाह के पास दिल्ली के लिए वक्त ही नहीं है। वह पूरे देश में एमएलए खरीदने, सरकारें गिराने और पार्टियां तोड़ने में व्यस्त हैं। इसलिए योगी आदित्यनाथ थोड़ा अमित शाह को बैठाकर समझाइए कि कानून व्यवस्था ठीक करनी है तो उनको दिल्ली के लिए थोड़ा वक्त देना पड़ेगा। दिल्ली को गैंगस्टर्स के हवाले नहीं छोड़ा जा सकता। केजरीवाल ने कहा कि योगी आदित्यनाथ कह रहे हैं कि उन्होंने उत्तर प्रदेश से सारे गैंगस्टर्स खत्म कर दिए हैं। इसलिए मैं योगी आदित्यनाथ से यही अपील करता हूं कि अमित शाह को थोड़ा समझाएं, ताकि दिल्ली के लोगों को सुकून मिल सके।

## लखनऊ- 2008 बैच की आईपीएस अलंकृता सिंह का वीआरएस मंजूर, पति भी ले चुके हैं वीआरएस

लखनऊ। योगी सरकार ने 2008 बैच की आईपीएस अधिकारी अलंकृता सिंह का स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) स्वीकार कर लिया है। इससे पहले, अलंकृता को निलंबन के बाद बहाल किया गया था। उनके पति, आईएएस विद्या भूषण, मार्च 2023 में वीआरएस लेकर लंदन जा चुके हैं। विद्या भूषण अमेठी, प्रतापगढ़ और इटावा जैसे जिलों में जिलाधिकारी रह चुके हैं। अलंकृता सिंह मूल रूप से जमशेदपुर की रहने वाली हैं। वे 2021 में बिना अनुमति लंदन चली गई थीं, जब वे महिला एवं बाल सुरक्षा विभाग में तैनात थीं। लंबे समय तक कार्यालय में अनुपस्थित रहने के कारण उनके विभाग ने जानकारी जुटाई। अलंकृता ने



व्हाट्सएप कॉल पर तत्कालीन एडीजी को अपने लंदन में होने की जानकारी दी। इसके बाद, शासन ने उन्हें निलंबित कर दिया और अखिल भारतीय सेवाएं (अनुशासन एवं अपील) नियमावली 1969 के तहत उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू की। 23 दिसंबर 2021 को उन्हें चार्जशीट दी गई और पुलिस मुख्यालय लखनऊ से संबद्ध कर दिया गया। निलंबन के दौरान उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता दिया गया, साथ ही यह प्रमाणपत्र उपलब्ध कराना अनिवार्य था कि वे किसी अन्य रोजगार, व्यापार या व्यवसाय में लिप्त नहीं हैं। निलंबन के बीच, अलंकृता ने वीआरएस के लिए आवेदन किया था, जिसे अब शासन द्वारा मंजूर कर लिया गया है। उनके पति, विद्या भूषण, जो पहले ही लंदन जा चुके हैं, अमेठी और इटावा जैसे जिलों में डीएम के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। इस फैसले से यूपी पुलिस और प्रशासन ने एक काबिल अधिकारी को खो दिया है। अलंकृता के इस कदम ने उनके भविष्य की योजनाओं को लेकर कई सवाल खड़े किए हैं।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 7,449 बुजुर्ग और दिव्यांग ने घर से मतदान का विकल्प चुना

नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए घर से मतदान करने के लिए शुक्रवार तक बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं से करीब 7,449 पुष्टिकरण फॉर्म प्राप्त हुए हैं

जिन्होंने घर से मतदान की इच्छा व्यक्त की है। एक अधिकारी ने बताया कि कुल 1,09,063 में से 6399 अनुपस्थित मतदाता वरिष्ठ नागरिकों (एवीएससी) ने फॉर्म 12डी दाखिल करके घर से मतदान करने की सुविधा का लाभ उठाने की इच्छा व्यक्त की है। वहीं कुल 79,114 में से 1050 अनुपस्थित मतदाता दिव्यांग व्यक्ति (एवीपीडी) ने घर से मतदान करने की इच्छा व्यक्त करते हुए बीएलओ को अपने अनुरोध भेजे हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अनुसार, उत्तर पश्चिम जिले में कुल 10001 एवीएससी से 362, वहीं कुल 8580 एवीपीडी में से 67 ने घर से वोट के विकल्प को चुना है।

इसी प्रकार उत्तर पूर्व जिले में 5593-66 तथा 7030-47, दक्षिण जिले में 8 651-543 तथा 5637-57, मध्य जिला 10686-273 तथा 7724-106, दक्षिण पश्चिम 9612-887 तथा 12235-244, पूर्व जिला 6906-534 तथा 5809-115, पश्चिम 14772-1050 तथा 6882-78, उत्तर जिला 15030-572 तथा 8949-102, नई दिल्ली 8892-986 तथा 3063-102, शाहदरा 8 248-728 तथा 6434-75, दक्षिण पूर्व 10672-398 तथा 6771-57 ने घर से वोट का विकल्प चुना है।

## दूसरों को चुनौती देनेवाले मथुरा से गुजरती यमुना में आचमन करके दिखा दें- योगी पर अखिलेश का तंज



लखनऊ । समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल को यमुना नदी में दिल्ली सरकार के मंत्रियों के साथ नहाने की चुनौती देने के एक दिन बाद शुक्रवार को उन पर तंज किया है। सपा प्रमुख ने 'एक्स' पर बिना किसी का नाम लिए एक पोस्ट में कहा, दूसरों को चुनौती देनेवाले अपने प्रदेश में मथुरा से गुजरती यमुना जी में आचमन करके दिखा दें। यादव की इस टिप्पणी को योगी आदित्यनाथ पर इसलिए तंज माना गया क्योंकि दिल्ली की एक चुनावी जनसभा में योगी आदित्यनाथ ने केजरीवाल को सीधी चुनौती दी थी, मैंने अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ कुंभ में स्नान किया क्या आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल अपने मंत्रियों के साथ यमुना में नहा सकते हैं। यमुना नदी को गंदे नाले में तब्दील करने का आरोप लगाते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा था, 'अगर उनमें कोई नैतिक साहस है तो उन्हें जवाब देना चाहिए।' बुधवार को उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ मंत्रिमंडल के सदस्यों ने प्रयागराज में संगम में डुबकी लगायी थी।

## कर्पूरी ठाकुर सामाजिक न्याय के मसीहा - धनखड़



नई दिल्ली । उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भारत रत्न डॉ. कर्पूरी ठाकुर को सामाजिक न्याय का मसीहा करार देते हुए कहा है कि उन्होंने कभी भी परिवारवाद को बढ़ावा नहीं दिया। श्री धनखड़ ने शुक्रवार को बिहार के समस्तीपुर में डॉ. कर्पूरी ठाकुर की 101 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित स्मृति कार्यक्रम में कहा कि डॉ. ठाकुर सामाजिक न्याय के मसीहा थे और उन्होंने आरक्षण लागू कर एक बड़ी आबादी के लिए अपार संभावनाओं के द्वार खोले। उन्होंने कहा, भारत के ये महान सपूत कर्पूरी ठाकुर जी सामाजिक न्याय के मसीहा हैं। संक्षिप्त काल में कर्पूरी ठाकुर जी ने सामाजिक और राजनीतिक कायाकल्प का नया इतिहास लिखा सदियों की जड़ता को तोड़ दिया और बड़ी आबादी के लिए संभावनाओं के अपार द्वार खोल दिये। उप राष्ट्रपति ने कहा कि डॉ. ठाकुर ने समता युग की नई शुरुआत की। उनका त्याग, उनका समर्पण, परिवारवाद को उन्होंने कभी बढ़ावा नहीं दिया। वह एक ऐसे राष्ट्रीय नेता थे जिन्होंने जाति, धर्म और वर्ग से ऊपर उठकर समानता को दृष्टिगत रखते हुए, विकास संपन्न करते थे। श्री धनखड़ ने कहा कि डॉ. ठाकुर स्टेट्समैन थे। वर्तमान में काम करने के साथ-साथ भविष्य का भी चिंतन करते थे। उन्होंने आरक्षण लागू किया। किसी विरोध की परवाह नहीं की। ये एक नया अध्याय लिखा। उन्होंने अंग्रेजी की अनिवार्यता को खत्म किया। सरकारी दफ्तर में हिन्दी कामकाज को बढ़ावा दिया। उनका उपहास भी हुआ। इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्यसभा के उप सभापति डॉ. हरिवंश, कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री राज्यसभा रामनाथ ठाकुर और भागीरथ चौधरी, तथा केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## देश के आर्थिक, आध्यात्मिक विकास में उत्तर प्रदेश महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है- राष्ट्रपति

नई दिल्ली । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य देश के आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और आध्यात्मिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''उत्तर प्रदेश



दिवस पर राज्य के सभी निवासियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। देश के आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और आध्यात्मिक विकास में यह राज्य महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मुझे विश्वास है कि यह प्रदेश समग्र विकास के पथ पर अग्रसर रहेगा। मैं उत्तर प्रदेश के मेहनती और प्रतिभाशाली निवासियों की निरंतर प्रगति और सुख-समृद्धि की मंगल कामना करती हूं।''उत्तर प्रदेश को पहले संयुक्त प्रांत के रूप में जाना जाता था। 24 जनवरी, 1950 को इसे उत्तर प्रदेश के रूप में मान्यता दी गई। मुर्मू ने कहा, ''उत्तर प्रदेश दिवस पर राज्य के सभी निवासियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। यह राज्य देश के आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और आध्यात्मिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।''

## संपादकीय

# कहानी - चप्पल तले दूध

रमेश को बहुत आश्चर्य हुआ। मोनू उसके हाथ में चप्पल पकड़ा रहा था। रमेश ने लेने से मना किया तो मोनू रोने लगा। रमेश के मामा ने समझाया, भाई हाथ में पकड़ लो, वरना मोनू दूध नहीं पियेगा। रमेश ने चप्पल हाथ में ले लिया। फिर मोनू एक एक करके मामा, फिर मामी के हाथ में चप्पल पकड़ाते गया। जब सबके हाथ में चप्पल आ गया, तब रमेश की मामी मोनू को एक ग्लास दूध थमा दी। अब तीनों लोग हाथ में चप्पल लेकर खड़े हो गए और मोनू धीरे धीरे दूध पीने लगा। रमेश को समझ नहीं आया, आखिर ये हो क्या रहा है? फिर मामा ने सारी बात समझाई। रमेश दिल्ली विश्वविद्यालय में कॉमर्स की पढ़ाई कर रहा था। लक्ष्मी नगर में होस्टल में रह रहा था और साथ साथ कंपनी सेक्रेटरी की भी तैयारी कर रहा था। उसके मामा नोएडा में एक प्राइवेट कंपनी में अकॉउंटेन्ट का काम करते थे। मामा नोएडा में अकेले हीं रहते थे। मामी गाँव मे रहती थी। उनका चार साल का बेटा मोनू बहुत नटखट था। उसपर से सैलरी काम थी। इसलिए मामा नोएडा में अकेले हीं रहते थे। इधर रमेश का मन कभी कभी उदास हो जाता तो मामा के पास चला जाता। इससे उसका मन हल्का हो जाता। इस बार मामा की सैलरी बढ़ गयी थी। सो मामी को गांव से बुला लिए। साथ में मोनू भी पहुंच गया। इस बार दीवाली में मोनू मामा के पास गया। मोनू की शरारतें उसे बहुत भायी। मोनू अपनी तोतली आवाज में हीं सबकी नाकों में दम कर देता। कहाँ गाँव में वो बड़े बड़े मकानों में रहने का आदी था। तितलियों के पीछे भगता। कभी चिड़ियों की आवाज सुनता। कहाँ फ्लैट में आकर बंद हो गया था। आसमान की आदि चिड़िया को सोने के पिंजड़े कहाँ भाते हैं? वो बार बार बाहर बालकोनी में जाने की जिद करता पर मामी मना कर देती। दीवाली में मामी ने रमेश का मनपसंद लिट्टी चोखा, और धनिया का चटनी बनाया था। साथ मे टमाटर और मूली का सलाद भी। जब सब खाने को बैठे, तो मोनू जोर जोर से रोने लगा। पूछने पर बोला, ओआ, ओआ(यानि कि शौच लगी है)। मामा खाना छोड़कर उसको शौच कराने के लिए बाहर निकले। थोड़ी देर बाद उसको चप्पल से धमकाते हुए लाए। बोले ये बाहर बॉलकोनी की तरफ भाग रहा था। शौच का बहाना कर रहा था। डाँट खाने के बाद मोनू चुप बैठा रहा। रमेश अपने मामा के साथ लिट्टी चोखा खाने लगा। अचानक मोनू ने खाने की थाली में पेशाब कर दिया। फिर बोला, ओ दया (यानि कि हो गया)। मोनू ने अपना बदला ले लिया था। मामा ने उसकी चप्पल से जमकर कुटाई की। थोड़ी देर बाद जब मामी मोनू को दूध पिलाने की कोशिश की, तो वो आना कानी करने लगा। मजबूरन सबको चप्पल दिखाना पड़ा। चप्पल के डर से मोनू दूध सटासट पी गया। इस घटना के गुजरे लगभग चार महीने हो गए थे। रमेश होली के मौके पर मामा के पास गया था। तब उसने ये घटना देखी थी। मामा ने समझाया कि पिछली बार चप्पल की कुटाई के बाद से मोनू ने ये नियम बना लिया है। जब तक सारे लोगों के हाथ में चप्पल ना हो, मोनू दूध पीता हीं नहीं। यही कारण है वो सबके हाथों में चप्पल पकड़ा रहा है। सारे लोग ठहाके मार मार के हंस रहे थे। सबके हाथ में चप्पल थे। मोनू भी ठहाके लगा कर दूध पी रहा था। चप्पल वाले दूध का लुत्फ सारे उठा रहे थे। मोनू भी।

# पांच मंत्र जिनसे आप सफलता की ऊंचाई पर पहुंच सकते हैं

योग में पांच यम, पांच नियम, जैन परंपरा में पांच महाव्रत और बौद्ध धर्म के पांच शील प्रसिद्ध हैं। आज को दौर में उनके नए संस्करण जरूरी हैं। यम नियम और पंच महाव्रत या शील निजी जीवन को संस्कारित करने और सुगठित बनाने के लिए है। परंतु उनका शुद्धतम अर्थों में पालन करना कठिन है। बेहतर है कि पहले व्यावहारिक पंचशीलों को व्यवहार में शामिल रखा जाए। पारंपरिक योगसाधना में शामिल पंचशीलों को सुबोध अर्थों में समझना चाहें तो उन्हें श्रमशीलता, मितव्ययिता, शिष्टता, सुव्यवस्था और सहकारिता के नाम दे सकते हैं। नए पंचशीलों के नाम इस प्रकार हैं श्रमशीलता - आरामतलबी की बजाए श्रम करने में बड़प्पन अनुभव करें। तत्परता और तन्मयता भरे परिश्रम से जोड़ कर दिनचर्या बनाई जाए। मितव्ययता - अमीरी के प्रदर्शन से सम्मान नहीं मिलता, ईर्ष्या ही उपजती है। लिहाजा कम खर्च में काम चलाते हुए सादा जीवन उच्च विचार का नीति को अपनाया जाए। जरूरतमंदों की सेवा में लगाएं। शिष्टता - कहा जाता है कि शालीनता बिना मोल मिलती है, परन्तु उससे सब कुछ खरीदा जा सकता है। सुव्यवस्था - समय, श्रम, मनोयोग, जीवनक्रम, शरीर, सामर्थ्य का सुनियोजन करें। उन्हें ऐसे संभाल कर रखना चाहिए कि उनका समुचित लाभ उठाया जा सके। सहकारिता - मिलजुलकर काम करना। परिवार, कारोबार, लोकव्यवहार में, सामंजस्य, साथ-साथ काम करने की प्रवृत्ति बनी रहे। एकाकी और नीरसता, निराशा भरे वातावरण से बचें।

# 25 जनवरी 2025 का पंचांग






आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

सूर्योदय- 07.13 प्रात-
सूर्यास्त- 06.05 सायं
सूर्य राशि- मकर राशि में।
चंद्र उदय- 03.24 सायंकाल
चंद्र अस्त- 02.05 दोपहर
चंद्रमा- वृश्चिक राशि में।

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना पौष-26 पूर्णिमांत महीना माघ-11, पक्ष-कृष्ण 11, तिथि-एकादशी रात्रि 08॰31 तक बाद में द्वादशी, नक्षत्र- ज्येष्ठ, योग-ध्रुव प्रात- 04.38 तक बाद में व्याघात,करण-बव प्रात- 08.03 तक बाद में बालव रात्रि- 08.31 तक बाद में कौलव,
राहु काल प्रात- 09.00 से 10.30 बजे तक,कुलीक काल प्रात- 06.00 से 07.30 बजे तक, यमगंड दोपहर- 01.30 से 03.00 बजे तक अभिजीत मुहूर्त दोपहर- 12.17 से 01.00 बजे तक दुमुहूर्त प्रात- 08.40 से 09.23 तक
अमृत काल रात्रि- 11.08 से 12.49 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.36 से 06.24 तक।

## आज 25 जनवरी का दैनिक राशिफल।

मेष- विदेश में जॉब का एग्रीमेंट बढ़ेगा,कोई भावना को चोट पहुंचायेगा, मेनेजमेंट और कॉमर्स की शिक्षा का लाभ होगा,अन्तर्जातीय विवाह कर सकते है।
भाग्य प्रतिशत-72

वृषभ- गैस, तरल पदार्थ, चाय पत्ती, कोयला व्यवसाय में बड़ा लाभ होगा, जीवन साथी को ज्यादा कन्ट्रोल ना करें रिश्ता बिगड़ सकता है, बुजुर्ग की सेहत प्रभावित रह सकती है।
भाग्य प्रतिशत-65

मिथुन-बाहर जाए तो रात्रि की ठंड से बचें, रिटेल स्टोर व्यवसाय की आमदनी में कमी सम्भव है, खानपान पर विशेष ध्यान दे,अस्पताल की जॉब मिल सकती है।
भाग्य प्रतिशत-61

कर्क- पुलिस या रिजर्व फोर्स में है तो ड्यूटी के लिए दूर भेजा जा सकता है, प्राइवेट नौकरी करने में परेशानी होगी, बैंकिंग हेल्थ सेक्टर से जुड़ सकते है, मन उदास रहेगा।
भाग्य प्रतिशत-50

सिंह- तरक्की के लिए घर छूट सकता है, भाग्योदय दूर होगा, काम को पत्नी भी सम्भाल सकती है, किसी की अंत्येष्टि में जाना पड़ सकता है।
भाग्य प्रतिशत-51

कन्या-साहस नहीं जुटा पाएंगे, घरेलू महत्वपूर्ण कार्य करने जा रहे है वो भी अटक सकता है, किसी प्रोजेक्ट की डेडलाइन निकल सकती है, किए गए कोर्स का उचित परीणाम नहीं मिलेगा।
भाग्य प्रतिशत-48

तुला- घर में कोई अच्छा कार्य चलते समय परिवारजन को परेशानी आ सकती है, नौकरी से छुट्टी लेनी पड़ सकती है, बच्चे परीक्षा की तैयारी पर ध्यान दे।
भाग्य प्रतिशत-49

वृश्चिक- किसी बात से विचलित हो सकते है, अवसाद भी बढ़ेगा, नए समबन्ध आर्थिक लाभ देंगे, कार्यक्षेत्र में सम्मान मिलेगा, विवाह की बात चलेगी।
भाग्य प्रतिशत-57

धनु- स्वास्थ्य समस्या पर फोकस बढ़ेगा, अपने फाइनेंस को बेहतर करेंगे, कमीशन पर कार्य अच्छा लाभ देगा, व्यावसायी घर में विवाह सम्भव है।
भाग्य प्रतिशत-70

मकर- परिश्रम से अधिक केलकुलेशन पर ध्यान देंगे आर्थिक लाभ होना शुरू होगा, महत्वपूर्ण बात को छुपाना भी सीखें, घर में नई खुशियां आएगी।
भाग्य प्रतिशत-79

कुम्भ- खराब कार्य के चलते
नौकरी से हाथ धोना पड़ सकता है, किया गया निवेश अवश्य बढ़ेगा लाभ देगा, किसी के काम का पैसा देने में कंजूसी करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-50

मीन- मन को सम्भाले भावुक हो सकते है, घर वालो को भी दिक्कत होगी, व्यवसाय की इच्छा पूर्ति होगी, कर्ज़ अधिक ना बढ़ाए।
भाग्य प्रतिशत-51

# 10 अप्रैल को रिलीज होगी सनी देओल की एक्शन से भरपूर फिल्म जाट



मुंबई । बॉलीवुड के माचो हीरो सनी देओल की बहुप्रतीक्षित एक्शन से भरपूर फिल्म जाट 10 अप्रैल को विश्वभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पुष्पा 2 के साथ वैश्विक स्तर पर अभूतपूर्व 12,500 स्क्रीनों पर प्रीमियर के साथ जाट के टीज़र ने पहले ही वर्ष के सबसे विस्फोटक एक्शन ड्रामा का वादा करते हुए फिल्म का मंच तैयार कर दिया है।
अपने दमदार अभिनय और लार्जर दैन लाइफ एक्शन दृश्यों के लिए जाने जाने वाले सनी देओल फिर साबित किया कि वह भारतीय सिनेमा के सर्वश्रेष्ठ एक्शन हीरो में शामिल हैं। गोपीचंद मालिनेनी निर्देशित और मैथरी मूवी मेकर्स और पीपल मीडिया फैक्ट्री निर्मित, फिल्म जाट में सनी देओल के साथ रणदीप हुडा, विनीत कुमार सिंह, सैयामी खेर और रेजिना कैसेंड्रा जैसे सितारे भी हैं, जिनकी उपस्थिति हाई-ऑक्टेन एक्शन के साथ एक रोमांचक कहानी का वादा करती हैं। फिल्म जाट का संगीत थमन एस का है, सिनेमैटोग्राफी ऋषि पंजाबी, संपादन नवीन नूली और प्रोडक्शन डिजाइन का काम अविनाश कोल्ला ने संभाला है। अनल अरासु, राम लक्ष्मण और वेंकट के कोरियोग्राफ किए गए एक्शन दृश्य रोमांचकारी होने और दर्शकों को बांधे रखने का वादा करते हैं।

# कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी ने पहले सप्ताह में 14.41 करोड़ की कमाई की




मुंबई । बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी ने अपने पहले सप्ताह में भारतीय बाजार में करीब 15 करोड़ की कमाई कर ली है। ज़ी स्टूडियोज़ और मणिकर्णिका फ़िल्म्स निर्मित, इमरजेंसी की कहानी वर्ष 1975 पर आधारित है, जब भारत में इमरजेंसी लागू हुई थी। इस फिल्म में कंगना रनौत, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में हैं।विवादों की वजह से कई बार रिलीज डेट टलने के बाद फिल्म %इमरजेंसी% आखिरकार 17 जनवरी को पर्दे पर रिलीज हुयी।पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के आपातकाल लगाने की घटना पर आधारित इस फिल्म का पंजाब में विरोध भी हो रहा है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार इमेरजेंसी ने पहले दिन भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 2.5 करोड़ रुपये की कमाई की। शनिवार को फिल्म की कमाई में उछाल देखने को मिला।
दूसरे दिन 3.6 करोड़ रुपये की कमाई की थी। वहीं, तीसरे दिन यानी रविवार को भी फिल्म ने वीकएंड का फायदा उठाया। रविवार को इमरजेंसी ने 4.25 करोड़ की कमाई की। फिल्म 'इमरजेंसी' ने चौथे दिन 1.05 करोड़, पांचवे दिन और छठे दिन 01 करोड़ तथा सातवें दिन1 01 करोड़ की कमाई की है। इस तरह इमरजेंसी अपने पहले सप्ताह में भारतीय बाजार में 14.41करोड़ की कमाई कर चुकी है। फिल्म इमरजेंसी में कंगना रनौत के अलावा अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन,श्रेयस तलपड़े, विशाक नायर और दिवंगत सतीश कौशिक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कंगना ने इमरजेंसी में अभिनय करने के साथ ही फिल्म का निर्माण और निर्देशन भी किया है।
इमरजेंसी में अनुपम खेर जयप्रकाश नारायण,श्रेयस तलपड़े अटल बिहारी वाजपेयी, मिलिंद सोमन फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ,महिमा चौधरी पुपुल जयकर ,विशाक नायर संजय गांधी,और दिवंगत सतीश कौशिक जगजीवन राम के किरदार में हैं।

# स्काई फोर्स सम्मान, साहस और देशभक्ति की एक अनकही कहानी है -अक्षय कुमार




मुंबई । बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार ने कहा है कि उनकी फिल्म स्काई फोर्स सम्मान, साहस और देशभक्ति की एक अनकही कहानी है। फिल्म स्काईफोर्स में अक्षय कुमार के साथ निमरत कौर,सारा अली खान और वीर पहाड़िया की अहम भूमिका है।'स्काई फोर्स' में अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया इंडियन एयरफोर्स के पायलट्स के किरदार में हैं। यह फिल्म स्क्वाड्रन लीडर देवय्या और भारतीय वायु सेना के अन्य सदस्यों की सच्ची कहानी पर आधारित है, जिन्होंने 1965 भारत-पाक युद्ध दौरान लड़ाई लड़ी थी। अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म स्काईफोर्स से अपने किरदार में अपनी एक नई तस्वीर शेयर की है। अक्षय ने कैप्शन में लिखा ,मैं 150 से ज्यादा फिल्मों का हिस्सा रहा हूं, लेकिन ये सच्ची कहानी पर आधारित है। ऐसी कहानियों में बहुत ताकत होती है, और इससे भी बढ़कर, एयरफोर्स ऑफिस की वर्दी में पहनना इनक्रेडिबल है। स्काई फोर्स सम्मान, साहस और देशभक्ति की एक अनकही कहानी है जिसे जरूर शेयर किया जाना चाहिये। वीर पहाड़िया फिल्म स्काईफोर्स के जरिए अपना बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। फिल्म स्काईफोर्स का निर्देशन अभिषेक अनिल कपूर और संदीप केवलानी ने किया है,जबकि इसका निर्माण मैडॉक फिल्म्स के तहत दिनेश विजन और अमर कौशिक और जियो स्टूडियोज़ के तहत ज्योति देशपांडे ने किया है। यह फिल्म आज रिलीज हुयी है।

# पतंजलि फूड्स ने चार टन लाल मिर्च पाउडर वापस मंगाया, ग्राहकों के पैसे होंगे वापस

नई दिल्ली । पतंजलि फूड्स लिमिटेड ने खाद्य नियामक एफएसएसएआई के निर्देश के बाद बाजार से चार टन लाल मिर्च पाउडर वापस मंगाया है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने पतंजलि फूड्स को खाद्य सुरक्षा मानदंडों के अनुरूप न होने के कारण पैक किए गए लाल मिर्च पाउडर की एक विशिष्ट खेप को वापस लेने का निर्देश दिया है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संजीव अस्थाना ने बयान में कहा, ''पतंजलि फूड्स ने चार टन लाल मिर्च पाउडर (200 ग्राम पैक) के बैच को वापस मंगाया है।'' उन्होंने कहा, ''उत्पाद के नमूनों की जांच करने पर पाया गया कि उनमें कीटनाशकों के अवशेष की अधिकतम स्वीकार्य सीमा की पुष्टि नहीं हुई। एफएसएसएआई ने लाल मिर्च पाउडर सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के लिए कीटनाशकों के अवशेष की अधिकतम सीमा (एमआरएल) निर्धारित की है।'' अस्थाना ने कहा कि विनिर्दिष्ट नियामक मानदंडों के अनुरूप कंपनी ने अपने वितरण साझेदारों को सूचित करने के लिए तत्काल कदम उठाए हैं। उत्पाद खरीदने वाले उपभोक्ताओं तक पहुंचने के लिए विज्ञापन भी जारी किए हैं। उन्होंने ग्राहकों से आग्रह किया कि वे उत्पाद को जहां से खरीदा है वहां लौटाएं और पूरा पैसा वापसी का दावा करें। अस्थाना ने कहा, ''वापस लिए गए उत्पाद का मूल्य और मात्रा बहुत कम है।'' उन्होंने कहा कि कंपनी अपने कृषि उत्पाद आपूर्तिकर्ताओं का मूल्यांकन कर रही है।
साथ ही कृषि उत्पादों की खरीद के लिए कठोर गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रियाएं अपनाने तथा एफएसएसएआई नियमों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कदम उठा रही है। अस्थाना ने कहा, ''कंपनी अपने सभी उत्पादों में उच्चतम गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने और पूर्णतः अनुपालन आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।'' पतंजलि फूड्स ने बृहस्पतिवार को कहा, ''खाद्य सुरक्षा नियामक ने पतंजलि फूड्स को निर्देश दिया है कि वह खाद्य सुरक्षा एवं मानक (संदूषक, विषाक्त पदार्थ व अवशेष) विनियम, 2011 का अनुपालन न करने के कारण बैच संख्या-एजेडी2400012 के पूरे बैच (यानी लाल मिर्च पाउडर, पैक) को (बाजार से) वापस ले।'' बाबा रामदेव नीत पतंजलि आयुर्वेद समूह के अधीन 1986 में पतंजलि फूड्स (पुराना नाम रुचि सोया) का गठन किया गया था। यह दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुएं बनाने वाली ( एफएमसीजी) देश की शीर्ष कंपनियों में से एक है।

# अक्षय कुमार ने मुंबई में 4.25 करोड़ रुपये में बेचा अपार्टमेंट- स्क्वायर यार्ड्स



नई दिल्ली । बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने मुंबई के बोरीवली ईस्ट में अपना अपार्टमेंट 4.25 करोड़ रुपये में बेचा है। रियल एस्टेट सलाहकार स्क्वायर यार्ड्स ने शुक्रवार को बयान में कहा, उसने इस लेनदेन से संबंधित संपत्ति पंजीकरण दस्तावेजों पर गौर किया।
अक्षय कुमार द्वारा बेची गई संपत्ति स्काई सिटी में स्थित है। स्काई सिटी को ओबेरॉय रियल्टी द्वारा विकसित किया गया है और यह 25 एकड़ में फैली हुई है। स्क्वायर यार्ड्स ने कहा, ''कुमार द्वारा नवंबर 2017 में 2.38 करोड़ रुपये में खरीदा गया अपार्टमेंट हाल ही में 4.25 करोड़ रुपये में बेचा गया, जो मूल्य में 78 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।
'' इस अपार्टमेंट का कारपेट एरिया 1,073 वर्ग फुट है। इसमें दो कार खड़ी करने का स्थान भी है। इस लेनदेन में 25.5 लाख रुपये का स्टाम्प शुल्क भुगतान और 30,000 रुपये का पंजीकरण शुल्क भी अदा किया गया।

## फिल्म- इंस्पेक्टर प्रेमवीर राणा




उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

निर्माता- प्रेमवीर राणा निर्देशक- अनिल गौतम संपादक- पंकज पहचान मेकअप- रिंकू रंगीला कैमरामैन- पंकज पहचान फिल्म की कहानी- यह फिल्म इंस्पेक्टर प्रेमवीर राणा के जीवन पर आधारित है। निरपुदाओं गांव के निवासी इंस्पेक्टर प्रेमवीर राणा ने अपने कर्तव्यों और सामाजिक सेवाओं के माध्यम से अपने गांव का नाम देश-विदेश में रोशन किया। इस फिल्म में उनके संघर्ष, सेवा और उनकी उपलब्धियों को दिखाया गया है। इंस्पेक्टर प्रेमवीर राणा न केवल कानून व्यवस्था में अपने उत्कृष्ट कार्यों के लिए जाने जाते हैं, बल्कि वे गरीबों की मदद और शिक्षा के प्रति भी समर्पित हैं। उन्हें लिखने का भी शौक है, और अब तक उन्होंने कई किताबें लिखी हैं। वे आज भी समाजसेवा और शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरणा बने हुए हैं। मुख्य कलाकार- अन्नूजी- अनिल गौतम - फुरकान चौधरी - विनोद राही - विनोद - प्रेमवती - मनीषा - काजल - प्रीति सिंह - रेशमा - डॉ. कांति प्रसाद - सुमित मेरठिया - संजय गर्ग - हीरा लाल जैनवाल - बाली मोहम्मद यह फिल्म इंस्पेक्टर प्रेमवीर राणा के जीवन के संघर्ष, कर्तव्यनिष्ठा और समाज सेवा की प्रेरक कहानी प्रस्तुत करती है, जो सभी दर्शकों के लिए प्रेरणादायक होगी।

## ममता कुलकर्णी बनीं किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर, मां काली का आदेश बताया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

प्रयागराज। 24 जनवरी 2025- बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री ममता कुलकर्णी ने शुक्रवार को महाकुंभ में संगम स्नान और पिंड दान के बाद किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर बनने की प्रक्रिया शुरू की। किन्नर अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर बनाने की घोषणा की थी। अब ममता कुलकर्णी को यमाई ममता नंद गिरि के नाम से जाना जाएगा। ममता एक दिन पहले ही महाकुंभ पहुंची थीं। पट्टाभिषेक से पहले ममता ने संगम में स्नान किया और पिंड दान भी किया। स्नान के बाद ममता ने अपनी महामंडलेश्वर बनने की प्रक्रिया को लेकर अपने विचार साझा किए। उन्होंने इसे मां काली का आदेश बताया। ममता कुलकर्णी ने कहा, सन 2000 के बाद से मैंने तपस्या शुरू कर दी थी। मैंने आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी जी को अपना पट्टागुरु चुना। कल मुझसे महामंडलेश्वर बनने के बारे में पूछा गया था और आज मां काली के आशीर्वाद से यह अवसर मुझे प्राप्त हुआ है। ममता ने आगे कहा, मां काली के आदेश पर ही मुझे लक्ष्मी नारायण जी को आचार्य चुनने का निर्णय लिया। वह साक्षात अर्धनारिश्वर के स्वरूप हैं, और अर्धनारिश्वर के हाथों से पट्टाभिषेक करना मेरे लिए सर्वोत्तम उपाधि है। अंत में ममता ने कहा कि महामंडलेश्वर बनने के लिए उनकी परीक्षा ली गई थी। 23 वर्षों में किए गए ध्यान और साधना को लेकर कई सवाल किए गए, जिनका उन्होंने पूरी तरह से उत्तर दिया। इसके बाद उन्हें यह उपाधि दी गई।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

## बैंक ऑफ़ बड़ौदा से एक शातिर बदमाश ने एटीएम कार्ड बदलकर खाते से उड़ाए ₹50000




उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

गुलावठी ! (सैय्यद मजहर) नगर स्थित बैंक ऑफ़ बड़ौदा से एक शातिर ने एक व्यक्ति के खाते से एटीएम बदलकर ₹50000 निकाल लिए । हापुड़ जिले के मथुरावली गांव निवासी प्रदीप कुमार गुलावठी किसी काम से आए थे पुराने बस स्टैंड स्थित बैंक ऑफ़ बरोदा के एटीएम से पैसे निकालने के लिए बूथ में घुसे जब वे पैसे निकाल रहे थे तब एटीएम मशीन ने उनके कार्ड को रिजेक्ट बताया इसी दौरान शातिर बदमाश ने उनको अपनी बातों में उलझा कर उनका एटीएम कार्ड अपने कार्ड से बदल लिया और उनसे बोला कि आपका एटीएम कार्ड खराब है पीड़ित प्रदीप अपने घर वापस लौटने लगे कुछ ही देर बाद उनके पास दो बार में 40 हजार और 10000 हजार के ट्रांजैक्शन मैसेज प्राप्त हुआ मैसेज देखकर पीड़ित प्रदीप घबरा गए और सीधे नगर कोतवाली पहुंचे और अपनी रिपोर्ट दर्ज कराई पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## नशा मुक्ति के खिलाफ विद्यार्थियों को किया गया जागरूक



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

गुलावठी। (सैय्यद मजहर) डी. एन. पी. जी. महाविद्यालय, द्वारा नशा मुक्त जागरूकता अभियान के अंतर्गत समाजशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर कृष्ण कुमार के द्वारा विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों के सेवन से शारीरिक , मानसिक और आर्थिक सभी प्रकार की हानि होती हैं।मादक पदार्थों के सेवन से विभिन्न प्रकार की बीमारियां जैसे कैंसर, लीवर और किडनी के रोग होते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी ने कहा कि नशा, जहर के समान है जिससे हमारे देश के युवा दूर रहें और अपना भविष्य बर्बाद न करें। समाजशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर शशि कपूर ने कहा कि किसी भी देश के लिए उसके युवा ही उसकी महत्वपूर्ण संपत्ति होते हैं क्योंकि देश और समाज का भविष्य उन्हीं के बेहतर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर निर्भर करता है। इसलिए हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए हम जीवन में कभी भी मादक पदार्थों का सेवन नहीं करेंगे और अपने आसपास के अन्य लोगों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करेंगे । कार्यक्रम में महाविद्यालय के अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

## घर में घुसकर पड़ोसी ने महिला से की छेड़खानी




उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

औरंगाबाद! बुलंदशहर! (सैय्यद मजहर) नगर के निकटतम ग्राम मुंडी बकापुर में एक पड़ोसी युवक छत पर बने कमरे में चुपचाप घुसकर बैठ गया जब घर की मालकिन सफाई करने के लिए कमरे में गई तो उसे बदनियती से उसे दबोच लिया और छेड़खानी करने लगा महिला ने किसी तरह से अपने आप को इसके चांगल से छुड़ाया और बाहर निकलकर कुंडी लगा दी शोर मचाने पर मोहल्लेवासी इकट्ठे हो गए और 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी युवक ओमपाल को गिरफ्तार कर लिया ! कोतवाली प्रभारी नितीश भारद्वाज ने बताया है कि इसके खिलाफ अभी कोई तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर इसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी !

## पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर जी की जयंती पर डिबाई में हुआ भव्य आयोजन




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

डिबाई (हितेश शर्मा)। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर डिबाई विधायक सीपी सिंह लोधी ने कर्पूरी ठाकुर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अनूपशहर के अध्यक्ष बृजेश गोयल उर्फ बिरजू भैया, दर्जनों सभासद, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, और सैन सविता समाज के सम्मानित लोग उपस्थित रहे। इस दौरान जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने उनके संघर्षमय जीवन और समाज के प्रति उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने समाज में समानता और न्याय के लिए काम करने की प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का आयोजन सौहार्दपूर्ण माहौल में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया।

# चौधरी वेदराम स्कूल में बालिका दिवस धूमधाम से मनाया गया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो



गुलावठी ! (सैय्यद मजहर) नगर के वेदराम स्कूल में राष्ट्रीय बालिका दिवस के इस अवसर पर स्कूल की डायरेक्टर राखी नागर, रेनू चौधरी एवं प्रधानाचार्य सविता अग्रवाल ने सभी बालिकाओं को हार्दिक शुभकामनाएँ दी और छात्राओ को बताया कि हर साल 24 जनवरी को पूरा भारत राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने के लिए एकजुट होता है। यह दिन लड़कियों के अधिकारों, सशक्तिकरण और समानता के बारे में याद दिलाने के लिए मनाया जाता है। इस दिन की शुरुआत 2008 में महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा की गई थी और यह गहरी जड़ें जमाए हुए लैंगिक असमानताओं को दूर करने और जीवन के हर क्षेत्र में लड़कियों को उचित अवसर प्रदान करने के लिए एक चेतावनी के रूप में कार्य करता है। अपनी शुरुआत से ही, राष्ट्रीय बालिका दिवस लैंगिक भेदभाव, बाल विवाह, संसाधनों तक असमान पहुँच जैसे मुद्दों पर आवाज़ उठाने का एक मंच बन गया है। यह दिन समृद्ध भविष्य के लिए बालिकाओं को सशक्त बनाने के महत्व को भी प्रोत्साहित करता है। भारत सरकार ने लड़कियों के विकास और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न पहल और नीतियाँ शुरू की हैं। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना और कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय जैसी विभिन्न योजनाओं ने देश में बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए रीढ़ की हड्डी का काम किया है। इन प्रयासों को समुदाय संचालित अभियानों और जागरूकता कार्यक्रमों द्वारा और भी समर्थन दिया जाता है। इंदिरा गांधी कल्पना चावला मैरी कॉम फाल्गुनी नायर किरण मजूमदार-शॉ साइना नेहवाल अरुणिमा सिन्हा सानिया मिर्जा सरोजिनी नायडू आनंदी गोपाल जोशी गीता गोपीनाथ हिमा दास इंद्रा नूयी किरण बेदी मिताली राज विनीता गुप्ता दुती चंद पीवी सिंधु ऋचा कर सावित्रीबाई फुले वंदना लूथरा अन्ना चांडी अरुणा आसफ अली जैसी महान हस्तियों के उदाहरण भी दिए इस अवसर पर बलिकाओ को अपनी सुरक्षा हेतु विद्यालय की और से विशेष प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया और सभी अभिभावकों से ये ये अपील की गई कि सभी अभिभावक अपनी बेटियों को बोझ ना समझें उन्हें पढ़ा लिखा कर सशक्त बनाएं एवं एक सशक्त समाज और राष्ट्र का निर्माण करने में अपना सहयोग प्रदान करें । इस अवसर पर समस्त बलिकाओ के साथ विधालय की समस्त शिक्षिकाए भी मौजूद रही ।

## देवनागरी महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश दिवस 2025 मनाया गया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो



गुलावठी ! (सैय्यद मजहर) देवनागरी महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन किया गया। इस वर्ष के समारोह का विषय था विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने प्रदेश की उपलब्धियों और विकास योजनाओं की चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को प्रगति के इस पथ पर अपना योगदान देने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता कृष्ण कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने कृषि, उद्योग, शिक्षा और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने युवाओं को प्रदेश के विकास के लिए नवाचार और नेतृत्व की भावना विकसित करने पर जोर दिया। डॉ. अवधेश कुमार सिंह ने प्रदेश के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश न केवल प्रगति का प्रतीक है, बल्कि अपनी सांस्कृतिक विरासत से भी प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर शशि कपूर ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और छात्रों का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन प्रदेश के विकास में हमारी भूमिका को समझने और उसे साकार करने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के अनेक शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।

## इटवा व्यापार मंडल के प्रतिनिधि मंडल ने सिकंदराबाद जीएसटी अधिकारियों से की मुलाकात

उजाला हितैषी एक्सप्रेस




बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। इटवा व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधि मंडल सिकंदराबाद संभाग के जीएसटी विभाग के अधिकारियों से मुलाकात करने पहुंचा। इस दौरान नगर के व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं और उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि सिकंदराबाद क्षेत्र, बुलंदशहर जिले का सबसे अधिक टैक्स जमा करने वाला क्षेत्र है, लेकिन इसके बावजूद यहां के व्यापारियों को बुनियादी सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ता है। इटवा व्यापार मंडल ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए बड़े अधिकारियों और सरकार से व्यापारियों को अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। बैठक में जिलाध्यक्ष रविंद्र शर्मा और नगर अध्यक्ष जितेंद्र गर्ग ने व्यापारियों को पेंशन और व्यापार में सुगमता जैसे विषयों पर चर्चा की।

जीएसटी विभाग के उपायुक्त दिनेश जी और सहायक आयुक्त प्रभाकर जी ने व्यापारियों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रविंद्र शर्मा, जिला उपाध्यक्ष संजय बंसल, नगर अध्यक्ष जितेंद्र गर्ग, उपाध्यक्ष देवेश गोयल, मंत्री दीपक सिंघल, पुनीत, कृष्णा गुप्ता समेत कई व्यापारी उपस्थित रहे। प्रतिनिधि मंडल ने क्षेत्र के व्यापारियों के लिए लगातार सुविधाओं की मांग जारी रखने का संकल्प लिया।

## सेन सविता समाज द्वारा जननायक कर्पूरी ठाकुर भारत रत्न का 101वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस




बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। सेन सविता समाज ने जननायक कर्पूरी ठाकुर भारत रत्न जी का 101वां जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया। यह आयोजन प्रतिमा चौक सेन चौक पर हुआ, जिसमें समाज के गणमान्य लोग और विभिन्न अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्रीमती दीप्ति मित्तल, नगर पालिका अध्यक्ष ने कर्पूरी ठाकुर जी के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे एक जाति के नेता नहीं, बल्कि सभी जातियों के नेता थे और समाज के लिए एक विचारधारा के रूप में कार्य करते थे। विधायक चंद्रपाल सिंह डिबाई ने कहा कि माननीय मोदी जी ने कर्पूरी ठाकुर जी को भारत रत्न देकर पिछड़ी, दलित और वंचित जातियों का सम्मान किया है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. यतेंद्र कुमार सेन ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर जी ने शिक्षा मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक का सफर तय किया, लेकिन इसके बावजूद उनके पास पक्का मकान नहीं था। उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए। अनु चौधरी ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर जी पिक्चरों के मसीहा थे और सभी जातियों के लिए कार्य करते हुए पिछड़ों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की। मुकेश श्रीवास्तव ने कहा कि हमें कर्पूरी ठाकुर जी से प्रेरणा लेकर संगठन को मजबूत करना चाहिए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुनील कुमार सेन, ठाकुर सुनील सिंह, भीष्म सिसोदिया, नगर अध्यक्ष, अजय त्यागी, बिजेंदर चौधरी, और अन्य समाज के सदस्य भी मौजूद थे। सभी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कर्पूरी ठाकुर जी के संघर्ष और उनके योगदान को सराहा। कार्यक्रम का संचालन और अध्यक्षता आरबी लाल जी ने की, और सभी अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। इस आयोजन में सेन सविता समाज के कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे, जिन्होंने कर्पूरी ठाकुर जी की प्रतिमा की स्थापना और उनके योगदान को याद किया।

## बलिया में किशोर के साथ कुकर्म, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की

बलिया । उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के मनियर थाना क्षेत्र में 40 साल के एक व्यक्ति ने 14 वर्ष के एक किशोर के साथ कथित तौर पर कुकर्म किया। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक, मनियर थाना क्षेत्र के एक कस्बे का रहने वाले किशोर बस स्टैंड से अपने घर जा रहा था, तभी रास्ते में उसे आरोपी बृजेश राजभर मिला। पुलिस ने बताया कि राजभर किशोर को अपने घर ले गया और नशे की हालत में उसके साथ कथित तौर पर कुकर्म किया। मनियर थानाध्यक्ष रत्नेश कुमार दूबे ने बताया कि किशोर के चाचा की तहरीर पर राजभर के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने के प्रयास में जुटी है।

# प्रेम विवाह नाराज युवती के परिवार जनों ने घर में घुसकर की दामाद पर फायरिंग

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो



गुलावठी ! (सैय्यद मजहर) नगर कोतवाली में प्रेम विवाह के बाद हिंसा का मामला सामने आया है जिसमें पत्नी के परिजनों ने दामाद के घर में घुसकर उसे पर जान लेवा हमला किया और फायरिंग भी की ! इस मामले पुलिस में चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है ! यह घटना नगर के निकटतम ग्राम अकबरपुर झोजा की है नाजिया ने पिछले साल 29 सितंबर को गांव के ही शाहनवाज के साथ अपनी मर्जी से निकाह किया था इस शादी से नाजिया के परिवारजन खुश नहीं थे और उन्हें निरंतर परेशान करते आ रहे थे !इसको लेकर दोनों पति-पत्नी हाईकोर्ट पहुंचे जहां नाजिया ने शाहनवाज के साथ रहने के लिए अपनी सहमति जताई। नाजिया अपने ससुराल में सुख से रहने लगी लेकिन नाजिया के मायके वालों को यह सब रास नहीं आ रहा था इसलिए वह उसे और उसके पति को निरंतर जान से मारने की धमकी दे रहे थे ! 22 जनवरी को नाजिया के रिश्तेदार लाठी डंडे बंदूक लेकर नाजिया के घर पहुंचे और उसके पति को जान से मारने की कोशिश की नाजिया और उसके पति ने एक कमरे में घुसकर मुश्किल से अपनी जान बचाई !

कोतवाली प्रभारी सुनीता मलिक के अनुसार पीड़िता की शिकायत पर अकिल ,अजीज आमिर और हाफिज के खिलाफ धारा 333 353 115(2) 109 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है ! जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सबसे सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## 15 अगस्त ( स्वतंत्रता दिवस ) 26 जनवरी ( गणतंत्र दिवस ) का देश वासियों लिए खास महत्व , शोएब मेवाती

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो



गुलावठी ! (सैय्यद मजहर) नगर के जुझारू लगनशील एवं नगर वासियों के हितेषी युवा समाजसेवी लॉरेंस अकादमी डायरेक्टर एवं नगर पालिका परिषद के चेयरमैन प्रत्याशी रहे शोएब मेवाती ने आने वाले गणतंत्र दिवस की नगर वासियों को शुभकामनाएं दी हैं ! अपने विचार प्रकट करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे देश के लिए दो दिनो बहुत महत्व है एक स्वतंत्रता दिवस और दूसरा गणतंत्र दिवस स्वतंत्रता, दिवस 15 अगस्त 1947 को हमारे देश को आजादी प्राप्त हुई और 26 जनवरी सन 1950 को हमारे देश का संविधान लागू हुआ । इसलिए पूरा देश इन दोनों पर्वों को आपसी प्रेम भाईचारा और खुशी के साथ मनाता है ! हमारा देश हिंदुस्तान जिसमें सभी धर्म के मानने वाले लोगों रहते हैं और सभी को समानता का अधिकार प्राप्त है ! इसलिए हम सब इन त्योहारों को हर वर्ष प्रेम भाईचारा के साथ मनाते हैं। मैं सभी नगर वासियों को दिल की गहराइयों से गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देता हूं। मैं दुआ करता हूं कि हमारा देश आपसी प्रेम भाईचारा और एकता अखंडता के साथ इसी तरह आगे बढ़ता रहे और हम लोगों में आपसी प्रेम भाईचारा भी बना रहे ।

## जनपद में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलन्दशहर (हितेश शर्मा)। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जनपद में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने नगर क्षेत्र में पैदल गश्त व भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने महत्वपूर्ण और संवेदनशील स्थानों के साथ-साथ मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया। गश्त के दौरान आम जनता, दुकानदारों और राहगीरों से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सड़कों पर संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की गहनता से चेकिंग कराई। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर शंकर प्रसाद और सहायक पुलिस अधीक्षक नगर ऋजुल सहित अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जिले के सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी, हल्का प्रभारी और एएस चेक टीम ने अपने-अपने क्षेत्रों में गश्त की। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, होटल, ढाबे और भीड़-भाड़ वाले अन्य स्थानों पर सघन चेकिंग की गई। साथ ही किरायेदारों का सत्यापन कर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी गई। थाना क्षेत्रों में लगे बैरियर पॉइंट्स पर भी संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की जांच की गई। पुलिस बल की सक्रियता ने नागरिकों में सुरक्षा का माहौल पैदा किया और गणतंत्र दिवस के शांतिपूर्ण आयोजन को सुनिश्चित किया।

## औषधि विक्रेता समिति द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर औषधि विक्रेता समिति (रजि0) द्वारा नीलम चैरिटेबल ब्लड बैंक पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 15 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। समिति के कोषाध्यक्ष अनिल गोयल ने बताया कि यह शिविर केमिस्ट संगठन की राष्ट्रीय संस्था AIOCD के 50 वर्ष पूर्ण होने और राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगन्नाथ शिंदे जी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर आयोजित किया गया। देशभर में संगठन की प्रत्येक इकाई द्वारा इस अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। समिति के अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान करने से शरीर में नए रक्त का संचार होता है और यह रक्तदाता की सेहत के लिए भी फायदेमंद है। उन्होंने लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की। महामंत्री शरद अग्रवाल ने बताया कि एक यूनिट रक्तदान से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि रक्तदान करने से किसी प्रकार की कमजोरी नहीं होती है और समिति समय-समय पर ऐसे सामाजिक कार्यों का आयोजन करती रही है। इस आयोजन में सुनील गोयल, आलोक गर्ग, पीयूष शर्मा, राजकुमार वर्मा, मनोज शर्मा, मयंक गोयल, दिनेश वर्मा, विकास शर्मा, यशीश गर्ग, उज्जवल गोयल समेत अन्य सदस्यों ने सक्रिय सहयोग किया। रक्तदान शिविर ने जनमानस में सामाजिक सेवा के प्रति प्रेरणा जगाई।

## जिला कारागार बुलंदशहर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, बंदियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। जिला कारागार बुलंदशहर में बंदियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर आईटीएस डेंटल कॉलेज, नोएडा की 14 सदस्यीय टीम द्वारा आयोजित किया गया। डॉ. अमित कुमार की अध्यक्षता में 13 सदस्यीय टीम ने 118 पुरुष और 6 महिला बंदियों समेत कुल 124 बंदियों के दांतों का परीक्षण किया और उन्हें आवश्यक उपचार प्रदान किया। इस दौरान बंदियों को उनके दांतों की देखभाल के प्रति जागरूक भी किया गया। शिविर के आयोजन का उद्देश्य बंदियों के स्वास्थ्य में सुधार करना और उन्हें आवश्यक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना था। शिविर के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन और कारागार अधिकारियों ने सराहना व्यक्त की।

## संतोष यूनिवर्सिटी प्रताप विहार के प्रांगण स्वास्थ्य शिक्षा और बायोएथिक्स में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया





**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ /एनसीआर पुष्पेन्द्र कुमार। राष्ट्रीय डेंटल बायोएथिक्स यूनिट, संतोष डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी गर्व के साथ एक अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम की घोषणा करता है जिसका शीर्षक है स्वास्थ्य शिक्षा और बायोएथिक्स में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा। संतोष ग्रुप के चेयरमैन डॉ पी महालिंगम ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य उपयोगी संवाद, विचारों का आदान-प्रदान और उन साझेदारियों को प्रोत्साहित करना है जो स्वास्थ्य शिक्षा और अनुसंधान में नैतिक प्रथाओं को बढ़ावा दें। आधुनिक स्वास्थ्य पाठ्यक्रमों में बायोएथिक्स को शामिल करने की चुनौतियों और अवसरों इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिक्षा और बायोएथिक्स के क्षेत्र के प्रतिष्ठित वैश्विक नेताओं की भागीदारी होगी इसमें शामिल है- डॉ. रिकार्डो लियोनट्ठ बोरक,अध्यक्ष फेडरेशन ऑफ मेडिकल एजुकेशन मेक्सिको । प्रोफेसर डॉ. हार्म पीटर्स, अध्यक्ष एएमईई ट्यूरोप । प्रोफेसर मडलेना पार्टिको, कोऑर्डिनेटर ऑफ़ मेडिकल एजुकेशन, यूनिवर्सिटी ऑफ लिस्बन, पुर्तगाल । प्रोफेसर राजीव टंडन, प्रोफेसर, मिशिगन यूनिवर्सिटी ,अमेरिका। वाईस चांसलर डॉ बी एन महालक्ष्मी ने बताया राष्ट्रीय डेंटल बायोएथिक्स यूनिट, संतोष डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी लंबे समय से स्वास्थ्य क्षेत्र में नैतिक प्रथाओं को प्रोत्साहित करने में अग्रणी रही है।

यह कार्यक्रम वैश्विक स्वास्थ्य शिक्षा समुदाय में बायोएथिक्स के प्रति जागरूकता और सहयोग को बढ़ावा देने की इसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम संतोष डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी की वैश्विक बायोएथिक्स और स्वास्थ्य शिक्षा में सहयोग और नवाचार को आगे बढ़ाने की अडिग प्रतिबद्धता को दर्शाता है आइए,राष्ट्रों के बीच सेतु बनाएं और स्वास्थ्य शिक्षा और नैतिकता को पूनपरिभाषित करें।

## जय हिंद नारे का हुआ,अम्बर में उद्घोष,भारतवासी कह उठे,जय सुभाष चंद बोस-डा अनिल बाजपेई





**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। पुष्पेन्द्र कुमार एलायंस क्लब सर्वोत्तम के तत्वावधान में फ्रीगंज रोड पर स्थित जोको में बाबू सुभाष चंद बोस को जयंती के अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया और कवि सम्मेलन की अध्यक्षता विनोद गुप्ता ने की एवं मंच का संचालन कवि डा. अनिल बाजपेई ने किया। इस अवसर पर अनामिका ने पढ़ा हैं सुभाष जी देश की ,आन बान अरु शान! भूल कभी सकते नहीं,हम उनका योगदान।डा आराधना बाजपेई ने पढ़ा हरदम दिल के पन्ने की , सुभाष जी खबर रहेंगे! सूरज चांद रहेंगे दुनिया में, तब तक नेता जी अमर रहेंगे ! डा अनिल बाजपेई ने संचालन करते हुए पढ़ा, जय हिंद नारे का हुआ ,अम्बर में उद्घोष ! भारतवासी कह उठे,जय सुभाष चंद बोस!! अन्य रचना में श्री बाजपेई ने पढ़ा, तुम रहोगे समंदर की लहरों में,ग़ज़लों की बहरों में,इन हवाओं में ,इन फिजाओं में दूर इंद्रधनुषीय रंगों से रंगे क्षितिज पर दिखते हो तुम, नेता जी ! तुम कभी मर नहीं सकते हमारे दिलों में बसते हो तुम! गीतकार महावीर वर्मा मधुर ने पढ़ा, बांध सका है कौन भला, गंगा जमुना के पानी को। याद रखेगा यह भारत, नेताजी की कुर्बानी को। अध्यक्ष विनोद गुप्ता ने कहा कि आजादी को दिलाने में नेताजी का योगदान अप्रतिम रहा है। सुभाष चंद्र बोस जन नायक हैं। सचिव राकेश माहेश्वरी ने कहा नेताजी केवल एक थे एक ही रहेंगे वह और कोई नहीं बाबू सुभाष चंद बोस थे। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अजय बंसल ने कहा भारत की मिट्टी वीर प्रसूता है ऐसी ऐसी संताने जन्मी हैं जिनकी गौरव गाथा इतिहास दोहरा रहा है। बाबू सुभाष हमारे सच्चे अर्थों में महा नायक थे। कोषाध्यक्ष दिनेश माहेश्वरी,पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सिमरन गोयल,रेखा सिंह ने भी बाबू सुभाष के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सुनील शर्मा, उर्मिला शर्मा,डा राजेश्वर सिंह, रेखा सिंह,अरुण अग्रवाल, सविता अग्रवाल,माधव बंसल,राजेंद्र अग्रवाल, मंजू अग्रवाल,प्रमोद जिंदल, पारुल जिंदल,ललित गोयल, सिमरन गोयल, अजय बंसल,रजनी बंसल,उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय जूनियर क्रिकेट बालक वर्ग में प्रतियोगिताओं का आयोजन महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया

**उक्त जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ उपक्रीड़ाधिकारी पूनम विश्नोई द्वारा किया गया।**





**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

गाजियाबाद। खेल निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ के तत्वाधान में जिला खेल कार्यालय, गाजियाबाद द्वारा महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन में आज तीसरे दिन दिनांक 24 जनवरी 2025 को उत्तर-प्रदेश दिवस-2025 के शुभ अवसर पर जिला स्तरीय जूनियर क्रिकेट बालक वर्ग में प्रतियोगिताओं का आयोजन महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया। उक्त जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ उपक्रीड़ाधिकारी पूनम विश्नोई द्वारा किया गया। उक्त प्रतियोगिताओं में जनपद के स्कूल/स्टेडियम व संस्था आदि के बालक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के आयोजन में सभी खिलाड़ियों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाते हुए प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर उपक्रीड़ाधिकारी पूनम विश्नोई द्वारा विजेता व उपविजेता स्थान प्राप्त करने वाली टीमों / प्रतियोगियों को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता व प्रतियोगिता का संचालन सुश्री पूनम विश्नोई उपक्रीड़ाधिकारी, द्वारा किया गया। क्रिकेट बालक वर्ग में जनपद की निम्नलिखित 06 टीमों ने प्रतिभाग किया -1-महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम गाजियाबाद, 2-एस0आर0सी0ए0गाजियाबाद, 3-एस0एस0टी0ए0 मोदीनगर, 4-वी0सी0ए0 गाजियाबाद, 5 डी0ए0वी0 साहिबाबाद 6-यू0एम0सी0ए0 मोदीनगर क्रिकेट बालक जिला स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारम्भ दिनांक 23 जनवरी, 2025 को किया गया, जिसका फाइनल मैच आज दिनांक 24.01.2025 को एस0आर0सी0ए0गाजियाबाद व महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम की टीम के बीच खेला गया जिसमें विजेता टीम एस0आर0सी0ए0 गाजियाबाद की ओर से यश ठाकुर मैन ऑफ दा मैच रहे इन्होने 17 बोल पर 29 रन बनाकर नॉट आउट हुए टीम में अन्य खिलाडी एकमदीप ने नॉटआउट 30 रन, मयंक भाटी, आदित्य, देव, अनुज, शिवांश, दुष्यन्त, निशांत भाटी, वेदान्त, श्रीयांश माथुर, अकमल, अभय, विवान राज तिवारी, सक्षम, मनीष रहे। वहीं उपविजेता टीम महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम, गाजियाबाद के कफतान सौर्य रहे इन्होने नॉटआउट 06 की पारी, शिवम ने 13 रन की पारी खेली, अनुज, यश, कृष्णा, ईशान्त, आदित्य कुमार, आर्यवृत मनी, अनुभव, जयप्रकाश, शिवम, वरूण, आदर्श, सूरज, काव्य एवं अविनाश रहें। प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को खेल विभाग की ओर से मुख्य अतिथि श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह जिला सूचना अधिकारी, गाजियाबाद द्वारा आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर इस अवसर पर श्री विपिन, श्री सत्यवीर बंसल जी कु0 प्रिया, अंशकालक क्रिकेट प्रशिक्षक व श्रीमती देवकी रानी कार्यालय सहायक, श्री राजन कुमार बॉक्सिंग, श्री सुमित फुटबाल, श्रीमती दीक्षा शर्मा पावरलिफ्टिंग, कु0 अंजुम कुरशी अंशकालिक मानदेय प्रशिक्षक एवं कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहें। आगामी प्रतियोगिताओं के चलते दिनांक 25 जनवरी, 2025 को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस / मतदाता जागरुकता दिवस एवं दिनांक 26 जनवरी, 2025 को गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर बॉक्सिंग, फुटबाल, बालक वर्ग में तथा महिला/पुरुष वर्ग में साईकिल रेस आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया जाना है।

# उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम का मनोहर रेजीडेंसी मे किया गया आयोजन









**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ पुष्पेन्द्र कुमार। उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस 2025 कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोकसभा क्षेत्र मेरठ मा0 सांसद अरुण चंद्रप्रकाश गोविल, पूर्व प्रदेश महामंत्री अश्वनी त्यागी माननीय सदस्य विधान परिषद एवं विशिष्ट गणमान्य अतिथि मा0 विधायक हापुड़ विजयपाल आढती, जिलाधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा , पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम , अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश तोमर की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम कार्य के शुभारंभ से पूर्व मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया इसके उपरांत स्कूली छात्राओं के द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत गाते हुए कार्यक्रम का आरंभ हुआ। उत्तर प्रदेश दिवस के माध्यम से सरकारी योजनाओ का प्रचार प्रसार किया गया। उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण लाभार्थियों द्वारा देखा एवं सुना गया उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर माननीय विधायक सदर विजयपाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश की स्थापना दिवस के आयोजन का आरंभ हमारी सरकार की देन है। उन्होने कहा की पहले उत्तर प्रदेश को संयुक्त प्रांत के नाम से जानते थे उत्तर प्रदेश का इतिहास 4000 वर्षों पुराना है जब आर्यों का यहा आगमन हुआ। उन्होने कहा की पिछली सरकारों ने 50 वर्षों से अधिक समय तक राज किया परंतु किसी भी सरकार ने इतने काम नहीं किया जितना हमारे केंद्र तथा राज्य सरकारों ने अल्प समय में किया। उन्होने कहा की जनपद में जिला अस्पताल, सड़कों का चौड़ीकरण, आश्रम पद्धति एवं नवोदय विद्यालय तथा जनपद के विकास के लिए बजट आवंटित हुआ है। हमारी सरकार चौहमुखी विकास पर कार्य कर रही है।

उत्तर प्रदेश दिवस की बधाई देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस उत्तर प्रदेश की स्थापना का उत्सव है उन्होने कहा की महिलाएं लोगों पर बोझ नहीं है वर्तमान सरकार की योजनाओ से महिलाओ सशक्तिकरण हुआ है। माननीय जिला अध्यक्ष श्री नरेश तोमर ने कहा कि हमारी सरकार ने उत्तर प्रदेश की स्थापना दिवस को मनाना आरंभ किया है तथा केंद्र तथा प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के दिया जा रहा है। सरकार अपने लक्ष्य सबका साथ सबका विकास तथा सबका विश्वास को पूरा कर रही है जिसके लिय समाज के वंचित, गरीब एवं मजदूर सहित समस्त वर्गों को आच्छादित कर रही है।

जिलाधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा ने उत्तर प्रदेश दिवस की बधाई दी तथा कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से जनसामान्य को योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न योजनाओं के लगे स्टालों का निरीक्षण किया। इसी दौरान श्रम विभाग, ग्राम विकास विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उद्योग विभाग, महिला कल्याण विभाग के लाभार्थी को प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को बैग, खेल विभाग द्वारा ट्रैकसूट, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवासों की चाबी, दिव्यांगों को व्हील चेयर आदि के साथ-साथ अन्य विभागों द्वारा लाभार्थियों को प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा पांच टी0बी के रोगियों को पुष्टाहार का वितरण भी कराया गया। उत्तर प्रदेश दिवस के कार्यक्रम के अवसर पर सूचना विभाग द्वारा 1500 से अधिक उत्तर प्रदेश संदेश नामक पत्रिका का वितरण कार्यक्रम में आए स्कूल के छात्र, एनसीसी कैडेट्स एवं लाभार्थियों के साथ-साथ अधिकारियों को किया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, उपयुक्त उद्योग अन्य संबंधित अधिकारीगण तथा जनसामान्य एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# उधार लिए गए रूपयों को हड़पने के उद्देश्य से की थी बलबीर की हत्या, 2 हत्यारोपी गिरफ्तार

**गुमशुदा हुए बलवीर हत्याकांड का कपूरपुर पुलिस ने किया खुलासा**





**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। पुष्पेन्द्र कुमार। स्वाट टीम व थाना कपूरपुर पुलिस ने गुमशुदा बलबीर हत्याकांड का किया खुलासा कर 2 हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया है जिनके निशानदेही से मृतक का मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त एक सफेद गमछा एवं एक अन्य मोबाइल फोन बरामद हुआ है।अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि 19 जनवरी को थाना कपूरपुर क्षेत्र के ग्राम पारपा निवासी बलवीर सिंह पुत्र मदनपाल सिंह उम्र करीब 52 वर्ष अपने घर से प्लेटिना मोटरसाइकिल से गुलावठी जाने की कहकर गए थे। जो चार दिन पूर्व से लापता चल रहे थे जिसके संबंध में थाना कपुरपुर पर गुमशुदगी दर्ज कर गुमशुदा बलवीर को खोजने के सार्थक प्रयास किए जा रहे थे और 20 जनवरी को गुमशुदा बलबीर की मोटरसाइकिल थाना धौलाना क्षेत्रान्तर्गत लावारिस हालत में मिली थी। उक्त प्रकरण के संबंध में थाना कपूरपुर पुलिस द्वारा टीमें गठित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये थे और 23 जनवरी को गुमशुदा हुए बलवीर का शव थाना धौलाना क्षेत्रांतर्गत बम्बे से बरामद होने के पश्चात बलवीर के ही गांव के रोहताश, सोनू, सतीश, साजिद के नाम प्रकाश में आने पर बलवीर हत्याकांड के दो मुख्य हत्यारे रोहताश पुत्र हरि सिंह निवासी ग्राम पारपा थाना कपूरपुर व साजिद पुत्र शाकिर निवासी ग्राम मिडेपुर थाना गुलावठी जनपद हापुड को स्वाट टीम व थाना कपूरपुर पुलिस ने सालेपुर नहर पुलिया के पास गिरफ्तार किया है और अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा दबिश दी जा रही है। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर अभियुक्त गणों ने बताया कि रोहताश द्वारा मृतक बलवीर से करीब 25 लाख रुपये उधार ले रखे थे जिनका बलवीर बार-बार तकादा कर रहा था, इसलिए रोहताश द्वारा अपने सगे भाई सोनू व अन्य सहभियुक्तों के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से प्रॉपर्टी दिखाने के बहाने बलवीर का अपहरण करके कार में ही उसी के गमछे से गला घोटकर हत्या की गयी थी तथा बलवीर के शव को थाना धौलाना क्षेत्रांतर्गत बम्बे में फेक दिया था।

अभियुक्त साजिद, रोहताश की दुकान पर काम करता है और रोहताश ने साजिद को ई-रिक्शा खरीदकर दी थी जिसका कोई पैसा रोहताश ने नहीं लिया था तथा इसी एहसान को चुकाने के लिये साजिद ने बलवीर की हत्या करने में रोहताश का साथ दिया था जिन्हें जेल भेज दिया।

# ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत बुलन्दशहर पुलिस ने लूट के 4 आरोपियों को दिलाई 7-7 साल की सजा

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर (हितेश शर्मा)। बुलन्दशहर पुलिस ने ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत लूट के मामले में चार दोषियों को सात-सात वर्ष के कारावास और दो-दो हजार रुपये के अर्थदंड की सजा दिलाकर एक बड़ी सफलता हासिल की है। यह फैसला जनपद बुलन्दशहर की एडीजे-05 कोर्ट में न्यायाधीश मौ. नसीम ने सुनाया। वर्ष 2017 में अलीगढ़ जनपद के जबांकला गांव के निवासी अभियुक्त गोपाल उर्फ गोपाली पुत्र मोहनलाल, भगवानदास पुत्र फतेह सिंह, एनसाब उर्फ रियासत पुत्र अल्लानूर, और मोतीलाल पुत्र मोहनलाल ने थाना खुर्जा देहात क्षेत्र में दुस्साहसिक लूट की घटना को अंजाम दिया था। इस संबंध में थाना खुर्जा देहात में मुअसं-429/17 धारा 395 भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने 9 मार्च 2018 को मामले में आरोप पत्र दाखिल किया था। इसे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित करते हुए बुलन्दशहर मॉनीटरिंग सेल ने प्रभावी पैरवी की। अभियोजन पक्ष ने सुनवाई के दौरान आरोपियों के खिलाफ दो गवाह पेश किए। सशक्त साक्ष्य और प्रभावी पैरवी के आधार पर न्यायालय ने चारों अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए सात-सात वर्ष के कारावास और दो-दो हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी कर रहे अभियोजक विमल कुमार का योगदान सराहनीय रहा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने इसे बुलन्दशहर पुलिस की बड़ी सफलता बताते हुए कहा कि ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत ऐसे मामलों में तेजी से कार्रवाई की जा रही है ताकि अपराधियों को सजा मिल सके और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके। इस कार्रवाई को अपराधियों के खिलाफ एक कड़ा संदेश माना जा रहा है।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने दुकानो से तेल,साबुत मटर, उड़द,अरहर की दाल व पोला कचरी के नमूने भर भेजे लैब



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। पुष्पेन्द्र कुमार। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0 लखनऊ से प्राप्त शिकायतों निस्तारण के लिए अधोहस्ताक्षरी के नेतृत्व एवं निर्देशन में खाद्य सुरक्षा विभाग हापुड की टीम आर.पी. गंगवार, प्रियंक श्रीवास्तव, खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा ग्राम शेखपुर खिचरा, तहसील धौलाना हापुड स्थित समीर कन्फैक्शनरी पर प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए सरसो का तेल, साबुत मटर, उड़द की दाल, अरहर की दाल, पोला कचरी का एक-एक नमूना संग्रहित कर 5 नमूने संग्रहित किये गये और उपरोक्त सभी नमूनो को जाँच के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा जा गया सहायक आयुक्त (खाद्य)-।। हापुड़ जानकारी देते हुए बताया कि सभी नमूने की जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी।

## राष्ट्रीय सुरक्षा माह के तहत सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान आयोजित



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर (हितेश शर्मा)। राष्ट्रीय सुरक्षा माह के अंतर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद बुलन्दशहर के निर्देशानुसार यातायात पुलिस प्रभारी श्री संजय वर्मा द्वारा भूड़ चौराहा, बुलन्दशहर पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान इंडस टावर्स और बी4एस सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड (एनजीओ) के सहयोग से आयोजित हुआ। अभियान का उद्देश्य जनता को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और यातायात नियमों के पालन को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर उप निरीक्षक यातायात श्री राजीव कुमार और मुंशी पराग मलिक सहित कंपनी के कई अधिकारी उपस्थित रहे। इंडस टावर्स और बी4एस सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड की ओर से एरिया मैनेजर श्री बिनोय सिंह, टेक्निकल मैनेजर श्री देशदीपक सिंह, इंफ्रा मैनेजर श्री आशीष सिंह, सेफ्टी मैनेजर श्री विपिन तिवारी, और अन्य कर्मचारी, जैसे धर्मेन्द्र कुमार, रोहित अग्रवाल, प्रमोद शर्मा, अरुण कुमार, और पवन कुमार अभियान में सक्रिय रूप से शामिल हुए। इस अभियान के दौरान यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए लोगों को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। यातायात पुलिस ने हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट का उपयोग करने, ओवरस्पीडिंग से बचने, और अन्य यातायात नियमों का पालन करने की आवश्यकता पर बल दिया। यह कार्यक्रम लोगों को सुरक्षित सड़क यात्रा के महत्व को समझाने और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक सराहनीय कदम के रूप में देखा जा रहा है।

## दो घरों के ताले तोड़ लाखों रुपए का माल चोरी किया

गाजियाबाद । बेखौफ चोरों ने दो अलग-अलग स्थानों पर बंद घरों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के माल पर हाथ साफ कर दिया। घटना का पता लगने पर पीड़ितों ने संबंधित थाने में शिकायत दी। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर लिया गया है। चोरों को ट्रेस करने के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाले जाएंगे। मसूरी निवासी वसीम का कहना है कि 22 जनवरी को वह मकान का ताला लगाकर परिवार के साथ रिश्तेदारी में ओखला दिल्ली गए थे। देर रात करीब साढ़े 12 बजे की तड़के ताऊ के लड़के शकील ने उन्हें फोन करके घर का ताला टूटा होने तथा मैन गेट खुला होने के बारे में बताया। शकील ने बताया कि दो लोग बिना नंबर प्लेट की स्कूटी पर फरार हुए हैं। शकील वसीम के मुताबिक रात करीब डेढ़ बजे वह घर पहुंचे तो अलमारी खुली पड़ी थी। चेक करने पर उसमें रखा मोबाइल, हाथ की घडी तथापांच हजार रुपये गायब मिले। घटना के संबंध में पीड़ित ने स्कूटी सवार अज्ञात चोरों के खिलाफ मसूरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। दूसरी घटना में मुकंदनगर में रहने वाले महेश कुमार का कहना है कि वह 27 नवंबर को घर पर ताला लगाकर निजी कार्य से बागपत चले गए थे। सात दिसंबर की रात करीब नौ बजे वापस लौटे तो एक कमरे का ताला टूटा मिला तथा साथ ही दूसरे कमरे की साइड की दीवार पर लगी खिड़की की ग्रिल भी टूटी हुई थी। चोर इसी के रास्ते घर में घुसे थे। चेक करने पर पता चला कि चोर सोने की चेन, एक जोड़ी सोने के कुंडल, दो जोड़ी पायल, दो जोड़ी बिछुवे, 65 हजार की नगदी, एलईडी टीवी, गैस सिलेंडर, मोबाइल तथा क्रेडिट कार्ड गायब है। घटना के संबंध में पीड़ित ने 20 जनवरी को सिहानी गेट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर चोरों को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है।

## गंग नहर में गुरुग्राम से लापता एक प्रोजेक्ट मैनेजर का मिला शव




गाजियाबाद । गाजियाबाद के गंग नहर में गुरुग्राम से लापता एक प्रोजेक्ट मैनेजर का शव मिला है। मृतक की पहचान प्रिंस राणा के रूप में हुई है, जो ब्लू स्टार कंपनी में कार्यरत था। प्रिंस 15 जनवरी को बिना किसी को सूचित किए घर से निकल गए थे, जिसके बाद 16 जनवरी को उनकी पत्नी ने गुरुग्राम के पालम विहार थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। स्थानीय लोगों ने 22 जनवरी की शाम को नहर में तैरते शव की सूचना पुलिस को दी। शव की तलाशी में मिले आधार कार्ड और पर्स से पहचान स्थापित हुई। मामले में एक महत्वपूर्ण तथ्य यह सामने आया है कि प्रिंस ने घर छोड़ने से पहले अपने मोबाइल पर सुसाइड पॉइंट सर्च किए थे, हालांकि मोबाइल वह घर पर ही छोड़ गए थे। एसीपी मसूरी सिद्धार्थ गौतम ने बताया, स्थानीय लोगों ने 22 जनवरी की शाम को थाना मसूरी को सूचना दी कि गंग नहर में एक शव पानी में तैर रहा है। जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकाला। जब तलाशी ली गई तो उसमें आधार कार्ड और पर्स मिला, जिसके आधार पर शव की पहचान प्रिंस राणा के रूप में हुई। जानकारी करने पर पता चला कि प्रिंस राणा गुरुग्राम के ब्लू स्टार कंपनी में प्रोजेक्ट मैनेजर था। प्रिंस मूल रूप से बिजनौर का रहने वाला था और गुरुग्राम में नौकरी कर रहा था। परिवार से बात करने पर पता चला कि प्रिंस 15 जनवरी को घर से बिना बताए कहीं चला गया था, जिसके बाद 16 जनवरी को प्रिंस की पत्नी ने गुरुग्राम के थाना पालम विहार में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने आगे बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि परिवार से यह भी जानकारी मिली है कि प्रिंस ने अपने मोबाइल के इंटरनेट सर्च में सुसाइड पॉइंट तलाश किए थे। प्रिंस अपने घर ही मोबाइल छोड़कर चला गया था। पुलिस के मुताबिक पीएम रिपोर्ट आने के बाद पता चल पाएगा कि प्रिंस की मौत कैसे हुई है। इसके आगे की जांच गुरुग्राम पुलिस करेगी।

## अतिक्रमण के कारण सड़कों पर गंदगी बढ़ रही

ग्रेटर नोएडा । ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर 16बी में गंदगी के कारण निवासी परेशान हैं। लोगों का आरोप है कि सड़कों पर बढ़ रहे अतिक्रमण के कारण जगह-जगह कचरा पड़ा रहता है। कई स्थान पर भारी मात्रा में कचरे के ढेर लगे हैं। इनकी सफाई के लिए प्राधिकरण से भी कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही। निवासी राज ने बताया कि सेक्टर 16 बी में कई ग्रुप हाउसिंग सोसायटी बनी हुई है। इनमें हजारों परिवार रहते हैं, लेकिन सभी लोग सड़कों पर बढ़ रहे अतिक्रमण के कारण परेशान हैं। सड़कों पर जगह-जगह पर विभिन्न रेहड़ी खड़ी रहती हैं। इस वजह से फुटपाथ की स्थिति भी खराब हो रही है। लोगों का इस पर चलना मुश्किल हो गया है। जगह-जगह से टाइल उखड़ चुकी है। ग्रीन बेल्ट की हरियाली नष्ट हो गई है। सड़कों पर खाने-पीने की रेहड़ी पर आने वाले लोग गंदगी को अधिक बढ़ा रहे हैं। जो भी खाने की चीज प्लास्टिक अन्य किसी भी प्लेट में खाते हैं। उसे वहीं फेकछर चले जाते हैं। जिससे रेहडी वाले उठाकर प्राधिकरण की गाड़ी को देने की बजाय नाली में डाल देते हैं। इसके कारण नाले बंद हो चुके हैं। नाले जाम होने के कारण उनका पानी सड़कों पर भरने लगा है।

## नोएडा में छठी मंजिल से कूदकर खुदकुशी, कुछ देर सोचती रही और फिर लगा दी छलांग

नोएडा । नोएडा के सेक्टर 73 में एक महिला ने छठी मंजिल की इमारत से कूदकर अपनी जान दे दी है। बताया जा रहा है कि महिला डिप्रेश की शिकार थी। खुदकुशी का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वह छत पर पैर लटकाकर कुछ देर बैठी दिखती है और फिर लोगों के बार-बार मना करने के बावजूद कूद जाती है। प्रारंभिक जांच के अनुसार महिला का नाम पूजा है और ढाई साल पहले उसकी शादी सम्राट नाम के शख्श से हुई थी। सम्राट इंजीनियर है और मूल रूप से उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि महिला डिप्रेशन का शिकार थी इसके चलते ही उसने आत्महत्या की है। 1.40 मिनट का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें महिला पैर लटकाए बैठी दिखती है। वह कुछ देर तक नीचे देखते हुए सोचती रहती है। इस दौरान आसपास मौजूद लोग आवाज लगाकर उसे वहां से उतर जाने को भी कहते हैं। कुछ लोगों ने छत पर जाकर उसे बचाने की भी कोशिश की, लेकिन इससे पहले ही पूजा ने छलांग लगा दी। थाना 113 की पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। महिला के परिजनों को सूचना दे दी गई है और पुलिस अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

## युवा उद्यमी विकास योजना में 211 युवाओं के आवेदन आए

ग्रेटर नोएडा । युवा उद्यमी विकास योजना के तहत जिले में 211 युवाओं ने कारोबार और स्टार्टअप शुरू करने के लिए आवेदन किया। इसमें से 43 युवाओं के आवेदन स्वीकृत हो चुके हैं। योजना के तहत कोई भी युवा कारोबार शुरू करने के लिए पांच लाख तक मदद प्राप्त कर सकता है। उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार ने बताया कि यूपी दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री ने युवा उद्यमी विकास अभियान योजना शुरू की है। इस योजना के तहत 21 से 40 वर्ष तक की आयु का युवा आवेदन कर सकता है। बशर्ते युवा के 8वीं पास हो और या फिर उसके पास आईटीआई या किसी भी प्रशिक्षण का सर्टिफिकेट हो। सरकार की ओर से युवा को अपना स्टार्टअप शुरू करने के लिए पांच लाख रुपये तक की मदद दी जाएगी। इससे युवा मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस से जुड़े कार्य करा सकेगा। खास बात यह है कि सरकार से मिलने वाली मदद पर युवा को कोई ब्याज भी नहीं देना होगा। साथ ही छह माह तक किसी किस्त का भी भुगतान करने की जरूरत नहीं होगी। इस योजना में आवेदन कर युवा किसी भी प्रकार का बिजनेस शुरू कर सकता है, हालांकि इसके लिए उत्तरप्रदेश का नागरिक होना अनिवार्य है।

## चेक बाउंस के मामले में महिला पुलिसकर्मी को तीन महीने की सजा

ग्रेटर नोएडा । विशेष न्यायालय-138 एनआई एक्ट गौतमबुद्धनगर के न्यायाधीश राजेंद्र कुमार तृतीय ने चेक बाउंस के मामले में महिला पुलिसकर्मी मोनिका चौधरी को तीन महीने की सजा और 8.5 लाख रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। इसमें से आठ लाख रुपये पीड़ित को प्रतिकर के रूप में दिए जाएंगे और शेष 50 हजार रुपये सरकारी खाते में जमा किए जाएंगे। सूरजपुर पुलिस लाइन में रहने वाली पीड़ित शबनम देवगन ने अदालत में शिकायत दर्ज कराई थी कि मोनिका चौधरी बुलंदशहर में पुलिस के रेडियो विभाग में सहकर्मी है। उसने व्यक्तिगत जरूरतों के लिए उनसे कुल पांच लाख रुपये उधार लिए थे। यह राशि 2017 और 2018 में क्रमशः 2 लाख रुपये और 3 लाख रुपये के रूप में दी गई थी। दोनों पक्षों के बीच लिखित समझौता हुआ था और मोनिका चौधरी ने भुगतान के लिए दो चेक दिए थे। पीड़ित के अनुसार दोनों चेक बैंक में जमा किए गए, लेकिन पर्याप्त धनराशि न होने और भुगतान रुकवाने के कारण चेक बाउंस हो गए। मोनिका चौधरी ने अपने बचाव में आरोप लगाया कि चेक चोरी हो गए थे। चेक पर उसके हस्ताक्षर नहीं हैं और उनके खाते से गलत तरीके से उपयोग किए गए थे। लेकिन अदालत ने मोनिका के तर्क को खारिज कर दिया। पीड़ित ने अपने पक्ष में गवाह और दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किए, जिससे यह साबित हुआ कि मोनिका ने उधार ली गई राशि की अदायगी नहीं की थी। अदालत ने मोनिका चौधरी को तीन महीने की साधारण कारावास की सजा सुनाई और 8.5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

## प्रत्येक दिन 100 बकायेदारों का पंजीकरण कराना होगा

नोएडा । विद्युत निगम ने एकमुश्त समाधान (ओटीएस) योजना को सफल बनाने के लिए क्षेत्र के जेई और एसडीओ की जिम्मेदारी तय कर दी है। जेई और एसडीओ को रोजाना 100 बकायेदारों का योजना के तहत पंजीकरण कराना होगा। इसके साथ नुक्कड़ सभा का आयोजन कर योजना के लाभों की जानकारी देनी होगी। विद्युत निगम के मुख्य अभियंता हरीश बंसल ने बताया कि ओटीएस के दूसरे चरण को एक बार फिर बढ़ाया गया है। अब 31 जनवरी तक दूसरा चरण लागू रहेगा। इसमें बकायेदारों को ब्याज पर 80 फीसदी तक छूट दी जाएगी। दूसरे चरण को सफल बनाने के लिए जेई और एसडीओ के लिए लक्ष्य भी तय किए गए हैं। उन्हें रोजाना अलग-अलग टीम के साथ क्षेत्र के बकायेदारों के साथ नुक्कड़ सभा करना होगा। उन्हें योजना के बारे में जानकारी देनी होगी। रोजाना के पंजीकरण की सूचना भी देनी होगी। सभी जेई और एसडीओ के कार्य की समीक्षा भी की जाएगी, ताकि योजना को सफल बनाया जा सके।

## वाहन से कुचलकर मजदूर की मौत




ग्रेटर नोएडा । नवादा गोल चक्कर के समीप बुधवार की सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर मजदूर की मौत हो गई। उसके साले ने सेक्टर बीटा-2 थाने में केस दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार नवादा गांव में 32 वर्षीय दिलीप कुमार परिवार के साथ रहता था। वह मजदूरी करता था। वह बुधवार की सुबह काम पर जाने के लिए निकला था। नवादा गोल चक्कर के समीप किसी वाहन ने उसे टक्कर मार दी। आरोपी चालक घटना को अंजाम देकर भाग गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल दिलीप को कासना स्थित जिम्स अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में दिलीप के साले अजीत कुमार ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। कोतवाली प्रभारी के कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया है। गाड़ी का पता लगाकर आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## गलगोटिया विश्वविद्यालय को प्रतिष्ठित क्यूएस आई गेज अवार्ड में पत्रकारिता जनसंचार के क्षेत्र में प्लेटिनम रेटिंग से सम्मानित किया गया

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**




ग्रेटर नोएडा । गलगोटियास विश्वविद्यालय को प्रतिष्ठित क्यूएस आई-गेज अवॉर्ड्स में पत्रकारिता और जनसंचार के क्षेत्र में प्लेटिनम रेटिंग से सम्मानित किया गया है। यह रेटिंग विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता, मीडिया अध्ययन में उसकी अग्रणी भूमिका, और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की नवाचार और उत्कृष्टता की निरंतर कोशिश का प्रमाण है, जो पत्रकारिता और जनसंचार के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित कर रही है। क्यूएस आई-गेज अवॉर्ड्स एक राष्ट्रीय रेटिंग प्रणाली है, जो भारत के विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और स्कूलों का शैक्षणिक प्रदर्शन और गुणवत्ता के आधार पर मूल्यांकन करती है। इस रेटिंग के माध्यम से संस्थानों को अपनी सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए दिशा-निर्देश मिलते हैं। गहन डेटा संग्रह और विश्लेषण के बाद, गलगोटियास विश्वविद्यालय ने मीडिया शिक्षा में अपनी प्रभावशाली क्षमताओं और उत्कृष्ट उपलब्धियों को प्रमाणित किया है। गलगोटियास विश्वविद्यालय के सीईओ, डॉ. ध्रुव गलगोटिया ने कहा- पत्रकारिता और जनसंचार में प्लेटिनम रेटिंग प्राप्त करना हमारे लिए गर्व और सम्मान की बात है। यह उपलब्धि हमारी टीम के समर्पण, मेहनत और उच्चतम मानकों को बनाए रखने की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हमारा लक्ष्य ऐसे स्नातक तैयार करना है, जो वैश्विक मीडिया उद्योग में बदलाव और विकास का नेतृत्व कर सकें। हम शिक्षा, नवाचार और उत्कृष्टता के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहेंगे। गलगोटियास विश्वविद्यालय की उपलब्धियां यह प्रतिष्ठित मान्यता विश्वविद्यालय को मीडिया शिक्षा के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्थान के रूप में स्थापित करती है। यह उनके अद्वितीय शिक्षण तरीकों, अत्याधुनिक सुविधाओं और उद्योग की बदलती जरूरतों के अनुकूल पेशेवर तैयार करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। गलगोटियास विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश में श्रीमती शकुंतला एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा स्थापित एक अग्रणी शिक्षण संस्थान है। यह विश्वविद्यालय अपनी एनएएसी ए+ मान्यता और शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए प्रसिद्ध है। 20 से अधिक स्कूलों में 200+ पाठ्यक्रमों के साथ यह पॉलिटेक्निक, स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी कार्यक्रम प्रदान करता है। इसे एआरआईआईए रैंकिंग 2021 में उत्कृष्ट श्रेणी में स्थान दिया गया है। 2020 से, नवाचार और इनक्यूबेशन केंद्र (IIC) को शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 4-स्टार रेटिंग प्रदान की गई है। इसके साथ ही, 2023 में आईआईसी गलगोटियास विश्वविद्यालय को उत्तर प्रदेश के 16 गवर्निंग सदस्यों में से एक के रूप में चुना गया और इसे भारत सरकार द्वारा वित्तीय सहायता के साथ एक मेंटोर संस्थान के रूप में मान्यता दी गई। यह उपलब्धियां गलगोटियास विश्वविद्यालय को न केवल राष्ट्रीय, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी शिक्षा और नवाचार के क्षेत्र में एक विशिष्ट स्थान प्रदान करती हैं।

## खेल निदेशालय उ०प्र० लखनऊ के तत्वाधान में जिला खेल कार्यालय, गाजियाबाद द्वारा महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**





गाजियाबाद। खेल निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ के तत्वाधान में जिला खेल कार्यालय, गाजियाबाद द्वारा महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन में दूसरे दिन आज दिनांक 23 जनवरी, 2025 को नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती के शुभ अवसर पर जिला स्तरीय जूनियर जूडो बालिका व नैटबाल बालिका वर्ग में तथा पावरलिफटिंग बालक वर्ग में प्रतियोगिताओं का आयोजन महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम, गाजियाबाद में किया गया। उक्त जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ परमजीत सेवा संस्थान की अध्यक्ष परमजीत जी व उपक्रीड़ाधिकारी पूनम विश्नोई द्वारा किया गया। उक्त प्रतियोगिता में जनपद के स्कूल/स्टेडियम व संस्था आदि के बालक/बालिका खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के आयोजन में सभी खिलाड़ियों ने अपना उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुए अव्वल स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर कुछ प्रिया जी मण्डलाध्यक्ष शैक्षणिक प्रकोष्ठ भा0ज0पार्टी मुख्य अतिथि द्वारा विजेता व उपविजेता स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता व प्रतियोगिता का संचालन सुश्री पूनम विश्नोई उपक्क्रीडाधिकारी, द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के परिणाम इस पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित किये जा रहें है। जूडो बालिका वर्ग 72 बालिका खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। नैटबाल बालिका वर्ग में जनपद की 08 टीमों ने प्रतिभाग किया। पावरलिफटिंग बालक वर्ग में 66 बालक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। क्रिकेट बालक जिला स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारम्भ दिनांक 23 जनवरी, 2025 को उपक्रीडाधिकारी द्वारा किया गया। क्रिकेट प्रतियोगिता में जनपद की 06 टीमों ने प्रतिभाग किया, जिसका फाइनल मैच दिनांक 24.01.2025 को खेला जायेगा। प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर आयर मैन ऑफ दा इण्डिया श्री पारूल त्यागी जी, अन्तर्राष्ट्रीय पावरलिफटिंग कु0 मनीषा शर्मा, श्री तनिष्क जी महानगर मंत्री, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, उच्च न्यायालय के विद्वान अधिवक्ता श्री अमित जी. श्रीमती देवकी रानी कार्यालय सहायक, श्री राजन कुमार बॉक्सिंग, श्री सुमित फुटबाल, कु0 विभा नेटबाल, कु0 प्रिया क्रिकेट, श्रीमती दीक्षा शर्मा पावरलिफटिंग, कु0 अंजूम कुश्ती अंशकालिक मानदेय प्रशिक्षक एवं कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहें। आगामी प्रतियोगिताओं के चलते दिनांक 24 जनवरी, 2025 को उत्तर प्रदेश दिवस-2025 व दिनांक 25 जनवरी, 2025 को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस/मतदाता जागरूकता दिवस एवं दिनांक 26 जनवरी, 2025 को गणतन्त दिवस के शुभ अवसर पर बॉक्सिंग, फुटबाल, क्रिकेट, वुशू बालक वर्ग में तथा महिला/पुरूष वर्ग में साईकिल रेस आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम, गाजियाबाद में किया जाना है।

# प्रभारी मंत्री की उपस्थिति में धूम धाम से मनाया गया उत्तर प्रदेश दिवस

## प्रभारी मंत्री द्वारा पेंटिंग व सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति देने वाले बच्चों को किया प्रोत्साहित एवं पुरस्कृत

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**














बुलन्दशहर (हितेश शर्मा)। नुमाइश मैदान के (निकुंज हॉल) में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार डॉ अरुण कुमार की गरिमामई उपस्थिति में उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी मंत्री व जिलाधिकारी श्रुति एवं विधायकगण द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।
इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की संस्कृति एवं दिव्य तथा भव्य महाकुंभ पर पेंटिंग्स का प्रदर्शन किया गया, स्वयं सहायता समूह एवं विभिन्न विभागों द्वारा स्टालों को लगाया गया, जिसका अवलोकन मंत्री जी द्वारा किया गया। साथ ही स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। उपस्थित जनसमूह द्वारा लखनऊ में उपराष्ट्रपति भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया। लखनऊ कार्यक्रम में जनपद के मैसर्स सनसाईन वेजिटेबिल्स प्रा0लि0 सिकन्दराबाद कर्नल सुभाष देशवाल को गाजर उत्पादन एवं कृष्णा पीकल्स बुलन्दशहर कृष्णा यादव को आचार उत्पादन हेतु सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को मंत्री ने सम्बोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश एक गौरवशाली प्रदेश है। शास्त्रों के अनुसार हिंदुस्तान की 07 प्राचीन नगरियों में से 03 उत्तर प्रदेश के अंदर है जहां सभ्यता का विकास हुआ है। उत्तर प्रदेश ने सबसे अधिक प्रधानमंत्री इस देश को दिए है। आज उत्तर प्रदेश में देश एवं दुनिया के लोग इन्वेस्ट करने के इच्छुक है। आज प्रदेश तरक्की के मार्ग पर अग्रसर है। हम सबको मिलकर सरकारी योजनाओं को आगे बढ़ाना है। देश की एक तिहाई आबादी महाकुंभ में स्नान करने जा रही है। हम सब सौभाग्यशाली है कि हमारा जन्म भगवान राम और कृष्ण की भूमि पर हुआ है। उत्तर प्रदेश देश में जनसंख्या के अनुसार तो प्रथम है ही इसके साथ विश्व में कई देशों से भी बड़ा है। आज उत्तर प्रदेश अपनी सनातन एवं धार्मिक परंपराओं के साथ ही कानूनी प्रतिबद्धताओं को साबित कर रहा है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर आगे बढने के साथ अपनी परम्पराओं से भी देश एवं दुनिया को परिचित करा रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भारत और दुनिया में उत्तर प्रदेश को हर सकारात्मक दृष्टिकोण से देखा जा रहा है। सबसे ज्यादा एक्सप्रेस वे, हवाई अड्डे, मेट्रो स्टेशन उत्तर प्रदेश में बन रहे है। बहुत ही तेज गति से उत्तर प्रदेश का विकास हो रहा है। पिछले कुछ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने बहुत तेजी से प्रगति की है। आज उत्तर प्रदेश को व्यवस्थाओं का प्रदेश कहा जा रहा है। बिजली, सड़के, हाईवे, आदि की व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। आज किसान, व्यापारी, गरीब, मजदूर, खिलाड़ी सहित उत्तर प्रदेश का आम जनमानस खुश है। उन्होंने कहा कि आज आयोजित प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले बच्चे आने वाले समय में प्रदेश एवं देश की उन्नति में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होने सभी जनपदवासियों को उत्तर प्रदेश दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।
इस अवसर पर मंत्री द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति देने वाले छात्र छात्राओं एवं विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों व अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया।
जिलाधिकारी श्रुति ने कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री सहित सभी जनप्रतिनिधियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सहभागिता करने वाले स्कूली बच्चों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कुलदीप मीना, विधायकगण अनिल शर्मा, देवेन्द्र सिंह लोधी व भाजपा जिलाध्यक्ष विकास चौहान सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बुलंदशहर नहर पर स्थित नेता जी सुभाष चंद्र बोस पार्क के सौंदर्यीकरण के लिए अपील

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**



बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रतिनिधि सचिन चौहान ने सभी मान्य जनप्रतिनिधियों से बुलंदशहर नहर पर स्थित नेता जी सुभाष चंद्र बोस पार्क के सौंदर्यीकरण और नवीनीकरण के लिए सहयोग की अपील की है। सचिन चौहान ने अपने संदेश में कहा कि यह पार्क नेता जी की श्रद्धांजलि के रूप में जनता के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान है, और इसे और भी आकर्षक और बेहतर बनाने के लिए सभी जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया है कि वे इस कार्य में अपना आर्थिक और सामाजिक सहयोग प्रदान करें।
साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि केवल सभी के सहयोग से इस पार्क का नवीनीकरण संभव होगा, और इससे न केवल नेता जी को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की जा सकेगी, बल्कि नगरवासियों को भी इसका लाभ मिलेगा।
सभी मान्य जनप्रतिनिधियों से विशेष अपील करते हुए उन्होंने बुलंदशहर नगर के विकास के लिए इस परियोजना में योगदान देने की उम्मीद जताई है। जनहित में जन अपील के तहत यह संदेश प्रमुख जनप्रतिनिधियों जैसे नगरपालिकाध्यक्ष दीप्ति मित्तल, भाजपा जिला अध्यक्ष विकास चौहान, विधायक प्रवीण कुमार चौधरी, सांसद डॉ. भोला सिंह और अन्य नेताओं तक पहुंचाया गया है।

# उत्तर प्रदेश दिवस पर जनपद में हुआ है ऐतिहासिक, भव्य व सुन्दर कार्यक्रम आयोजित- सांसद श्री अतुल गर्ग

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**



गाजियाबाद। शासनादेश के अनुपालन में जिला प्रशासन द्वारा हिन्दी भवन, लोहिया नगर, गाजियाबाद में पूरे उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ उत्तर प्रदेश दिवस—2025 मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ का सम्बोधन लाइव प्रसारण के माध्यम से देखा गया। प्रदर्शनी देख बोले सांसद- आयोजनकर्ताओं ने किया सराहनीय कार्य हिन्दी भवन परिसर में विभागों द्वारा लगभग 23 स्टॉल लगायी गयी। जिसमें भगवान बिरसा मुण्डा जी की 150वीं जयन्ती पर आधारित प्रदर्शनी, बेटी बचाओ—बेटी पढाओ नारी सुरक्षा आदि, मिशन शक्ति पर आधारित प्रदर्शनी, श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी शताब्दी वर्ष पर आधारित प्रदर्शनी, ओ0डी0ओ0पी0 के अन्तर्गत जनपद के उत्पादों की प्रदर्शनी एवं उत्पादों का विक्रय, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर आधारित प्रदर्शनी, इनवेस्ट उत्तर प्रदेश द्वारा वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनामी पर आधारित प्रदर्शनी, प्रगतिमान उत्तर प्रदेश पर आधारित प्रदर्शनी, आपातकाल पर आधारित प्रदर्शनी, जनपद की कला संस्कृति एवं इतिहास पर आधारित प्रदर्शनी, काकोरी ट्रेन एक्शन पर आधारित प्रदर्शनी, जनपद के पर्यटन एवं पौराणिक स्थलों की प्रदर्शनी, महापुरूषों, महान क्रांतिकारियों एवं स्वतंत्रता सेनानियों की प्रदर्शनी एवं सभी विभागों द्वारा अपने—अपने विभाग की योजनाओं से सम्बन्धित प्रदर्शनी लगायी गयी। इस मौके पर राष्ट्रीय बालिका दिवस पर प्रदर्शनी व सेल्फी पॉइन्ट भी बनाया गया, जहां आगुन्तकों द्वारा सेल्फी ली गयी। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर छात्राओं को सम्मानित किया भी किया गया। मुख्य अतिथि माननीय सांसद श्री अतुल गर्ग द्वारा सभी प्रदर्शनियों का अवलोकन किया गया। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस पर ऐसा भव्य व सुन्दर आयोजन ऐतिहासिक, आयोजनकर्ताओं ने सराहनीय कार्य किया है।सांस्कृतिक कार्यक्रमों से आनन्दमयी हुए दर्शक हिन्दी भवन में आयोजित कार्यक्रम व समारोह का मुख्य अतिथि द्वारा गणमान्यों की उपस्थित में द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभाम्भ किया गया। मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत पौधा व सम्मान चिन्ह भेंट कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत की समृद्धि को दर्शाने वाले कार्यक्रम, सरस्वती व गणेश वंदना, कथक, भरतनाट्यम, महाकुंभ से सम्बंधित प्रस्तृतियां, गायन, सितार वादन, शास्त्रीय नृत्य सहित अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। सांस्कृतिक कार्यक्रमों दर्शक से आनन्दमयी हुए, जिनकी तालियों की ध्वनि से सभागार गूंज उठा। उत्तर प्रदेश अब उत्तम प्रदेश बन गया हैं- श्री अतुल गर्ग मुख्य अतिथि सांसद श्री अतुल गर्ग ने अपने सम्बोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश अब उत्तम प्रदेश बन गया हैं और विकास पथ पर निरंतर अग्रसर है। पहले लोग छोटे—छोटे धार्मिक आयोजन को करने व उनमें जाने से कतराते थे किन्तु आज वर्तमान सरकार के नेतृत्व में महाकुंभ का विशाल आयोजन किया जा रहा है। जहां युवाओं के साथ—साथ, छोटे—बड़े, महिलाएं—वृद्ध सभी निर्भर होकर जा रहे हैं और गंगा स्नान कर पुण्य लाभ कमाते हुए वर्तमान सरकार को साधुवाद दे रहे हैं। हमें गर्व है कि हम उस उत्तर प्रदेश के वासी हैं- श्रीमती सुनीता दयाल विशिष्ठ अतिथि महापौर श्रीमती सुनीता दयाल ने कहा कि हमें गर्व है कि हम उत्तर प्रदेश के निवासी है। जो काशी विश्वनाथ, श्रीराम, श्रीकृष्ण की भूमि है, जहां महान वीरों एवं महान क्रांतिकारियों ने जन्म लिया, जहां महान संतों एवं महापुरूषों ने जन्म लिया, हमें गर्व है कि हम उस उत्तर प्रदेश के निवासी है जिसने देश को अनेक प्रधानमंत्री एवं प्रधान नेतृत्व करने वाले नेता दिए। हमें गर्व है कि हम उत्तर प्रदेश के वासी हैं, जहां अयोध्या, मथुरा और काशी है। लाभार्थियों को किया सम्मानित व पुरस्कृत कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष में इन्टरमीडिएट2024 टॉप -25 मेधावी छात्राओं को सम्मानित व पुरस्कृत किया गया। साथ ही लखपति दीदी, उत्कृष्ठ कार्य करने वाले राजस्व अधिकारी/कर्मचारियों, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थियों, ओडीओपी के लाभार्थियों को टूलकिट, सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान के लाभार्थियों को चैक व पंजाब नेशनल बैंक द्वारा सराहनीय कार्य करने हेतु डीजीएम पीएनबी को पुरस्कार, कृषि विभाग द्वारा प्रगतिशील किसानों को प्रशस्ति पत्र, कौशल विकास मिशन द्वारा लाभार्थियों को टैबलेट, जिला ग्रामोद्योग द्वारा प्रधानों को उत्कृष्ठ कार्य करने हेतु पुरस्कार सहित अन्य विभागों द्वारा लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र, चैक सहित अन्य पुरस्कार दिये गये।अंत में समारोह को सकुशल सम्पन्न कराने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने पर श्री अभिनव गोपाल ने किया आभार प्रकट कार्यक्रम के शुभारम्भ में मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपला द्वारा सभी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आभार व धन्यवाद प्रकट किया गया। कार्यक्रम का सफल व सकुशल संचालन श्रीमती पूनम शर्मा द्वारा किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ममता त्यागी, सांसद प्रतिनिधि श्री राजेन्द्र मित्तल, एडीएम सिटी श्री गम्भीर सिंह, सिविल डिफेंस चीफ वार्डन श्री ललित जायसवाल, सभी वि भागों के अधिकारियों सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# स्वामी गिरीशानंद सरस्वती महाराज के श्रीमुख से भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा श्रवण कर भाव विभोर हुए भक्त-श्रद्धालु



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

वृन्दावन। मथुरा रोड़ स्थित द्वारिका कुंज (मिर्जापुर वाली धर्मशाला) में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन व्यासपीठ से प्रख्यात संत स्वामी गिरीशानंद सरस्वती महाराज ने देश-विदेश से आए सैकड़ों भक्तों-श्रद्धालुओं को वामन अवतार, बलि प्रसंग, गंगा अवतरण, श्रीराम जन्म एवं श्रीकृष्ण जन्म की कथा श्रवण कराई।
व्यासपीठ से प्रख्यात संत स्वामी गिरीशानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि अखिल कोटि ब्रह्मांड नायक भगवान श्रीकृष्ण ने पृथ्वी पर जन्म लेकर न केवल पापियों, अत्याचारियों व दैत्यों का संघार किया बल्कि उन तमाम भक्तों, ऋषियों-मुनियों एवं साधु-संतों की वाणियों को साकार किया, जिन्होंने पूर्व जन्मों में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं में संलग्न होने का वरदान प्राप्त किया था। पूज्य महाराजश्री ने भगवान के दिव्य स्वरूप का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान ने श्रीकृष्ण के रूप में ब्रज में अवतार लेकर पूरब से लेकर पश्चिम तक धर्म की स्थापना के लिए समस्त राक्षसों का उद्धार कर सभी जीवों को सुख प्रदान किया। व्यास पीठाधीन स्वामी गिरीशानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि पृथ्वी पर जब-जब अधर्म बढ़ता है और धर्म की हानि होने लगती है,तब-तब अधर्म का नाश करने के लिए और धर्म की रक्षा व पुन:स्थापना के लिए भगवान नारायण पृथ्वी पर अवतरित होते हैं।इसीलिए वे तारणहार कहे जाते हैं। इस अवसर पर भव्य नंदोत्सव आयोजित किया गया।साथ ही भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की दिव्य झांकी सजाई गई।इसके अलावा जन्म से संबंधित बधाईयों व भजनों का संगीत की मृदुल स्वर लहरियों के मध्य गायन किया गया।
जिसके अंतर्गत रुपए-पैसे, खेल-खिलौने, वस्त्र-आभूषण आदि लुटाए गए। इस अवसर पर श्रीउमा शक्ति पीठ के राष्ट्रीय प्रवक्ता पंडित आर. एन. द्विवेदी (राजू भैया), पुनीत भाटिया (दुबई), वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, श्रीमती नीलम सोमानी, संजय सोमानी (गोरे गांव, मुम्बई) आदि की उपस्थिति विशेष रही।

# अलिनागरि कुंज में धूमधाम से चल रहा है रसिक संत बालगोविंद दास महाराज का 14 दिवसीय 19वां वार्षिक पुण्यतिथि-समाराधन महोत्सव



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

वृन्दावन।श्याम वाटिका/शीतल छाया क्षेत्र स्थित अलिनागरि कुंज में ब्रज के प्रख्यात रसिक संत बाल गोविन्द दास महाराज (अलिनागरि) का 19 वां 14 दिवसीय निकुंज प्रवेश तिथि समाराधन महोत्सव विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ प्रारम्भ हो गया है।जो कि 13 जनवरी 2025 से प्रारंभ होकर 26 फरवरी 2026 पर्यंत चलेगा। महोत्सव के समन्वयक डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया कि प्रमुख धर्माचार्य पण्डित रामनिवास शुक्ला के पावन सानिध्य में आयोजित इस महोत्सव में वेदज्ञ ब्राह्मणों के द्वारा नित्य श्रीमद्भागवत मूलपाठ किया जा रहा है।साथ ही सायं 6 से 7 बजे तक प्रख्यात शास्त्रीय गायकों द्वारा भजन व संकीर्तन आदि कार्यक्रम किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत 23 से 25 जनवरी पर्यंत अपराह्न 3 से सायं 5 बजे तक शरणागति आश्रम,वृन्दावन के महंत बिहारीदास भक्तमाली महाराज अपने श्रीमुख से सभी भक्तों-श्रृद्धालुओं को श्रीमद्भक्तमाल की कथा श्रवण करा रहे हैं। 25 जनवरी को प्रात: 9 बजे पूज्य महाराजश्री की प्रतिमा का पञ्चामृत से अभिषेक कर वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पूजन-अर्चन होगा।तदोपरांत उनके द्वारा रचित पदों का संगीत की मृदुल स्वर लहरियों के मध्य गायन किया जाएगा। इसके अलावा रात्रि 10 बजे से 26 जनवरी प्रात: 4 बजे तक अखंड श्रीहरिनाम (महामंत्र) संकीर्तन होगा। तत्पश्चात मध्याह्न 12 बजे संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारे के साथ महोत्सव का समापन होगा। महोत्सव में अलिनागरि कुंज के सेवायत आचार्य पंडित रामनिवास शुक्ल, पंडित विद्या निधि शुक्ल, रासाचार्य स्वामी कुंज बिहारी शर्मा, प्रमुख शिक्षाविद् डॉ. चंद्रप्रकाश शर्मा, प्रख्यात संगीतज्ञ चन्दन महाराज, स्वामी मनमोहन शर्मा, संत विद्याधर दास, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा, गौरव शर्मा, पूर्व प्राचार्य शिवकुमार गोयल आदि की उपस्थिति विशेष रही।

# नवागत जिला अधिकारी श्रीमती श्रुति शर्मा से कांग्रेस नेताओं, क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों व शिक्षकों ने शिष्टाचार भेंट की

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। जनपद बुलंदशहर में बतौर जिला अधिकारी नियुक्त हुई श्रीमती श्रुति शर्मा से कांग्रेस नेताओं, क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों और शिक्षकों ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर कांग्रेस के जिला महासचिव ज्ञानेंद्र सिंह राघव, महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रज्ञा गौड़, और कांग्रेस के अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने उन्हें बुके भेंट कर स्वागत किया और जनहित के कार्यों में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। क्षत्रिय महासभा के संरक्षक और पूर्व जिला अध्यक्ष ठाकुर राकेश भाटी ने भी इस मौके पर अपना समर्थन व्यक्त किया। सभी ने जिला अधिकारी श्रीमती श्रुति शर्मा से आह्वान किया कि जनपद बुलंदशहर के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को पारदर्शी और त्वरित न्याय दिलाने के लिए कदम उठाएं। स्वागत करने वालों में कांग्रेस के जिला कोषाध्यक्ष आदेश मुद्गल, जिला महासचिव इंजीनियर रवि लोधी, डॉ. सुशील शर्मा, पीसीसी सदस्य मोइन खान, माइनॉरिटी के जिला अध्यक्ष डॉ. सुजआत अली, पंचायती राज कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रहमत राणा सहित अन्य पदाधिकारी भी शामिल थे।

# ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने जलभराव वाली सड़क के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की, आंदोलन की दी चेतावनी



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। ज्ञानेंद्र सिंह राघव, मंडल अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मेरठ ने अनूपशहर-बुलंदशहर रोड के पास दर्जनों गाँवों और आरडी कन्या महाविद्यालय के निकट जलभराव से संबंधित समस्या को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से तत्काल सड़क निर्माण की मांग की। राघव ने कहा कि यह सड़क दर्जनों गाँवों, स्कूलों, और महाविद्यालय को जोड़ती है, लेकिन जलभराव और कीचड़ के कारण छात्र-छात्राओं, स्कूली वाहनों और ग्रामीणों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, वहीपुर दोराहा स्थित अनूपशहर-बुलंदशहर रोड पर जलभराव और गंदगी के कारण दुकानदारों को भी समस्याओं का सामना हो रहा है, जिससे संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा उत्पन्न हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा इस समस्या की अनदेखी की जा रही है, जबकि यह मार्ग प्रशासनिक अधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और आम जनता द्वारा रोज़ उपयोग किया जाता है। राघव ने कहा कि यदि इस समस्या का समाधान शीघ्र नहीं किया जाता, तो वह लोक निर्माण विभाग के खिलाफ बड़ा आंदोलन करेंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से अविलंब ऊंचे नाले के निर्माण के साथ सड़क के निर्माण की मांग की।

# भारत में ऑन्कोलॉजी देखभाल को लेकर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के अंतर को कम किया जा रहा

**इसी को लेकर बुलंदशहर में नारायणा हॉस्पिटल की ऑन्कोलॉजी ओपीडी का आयोजन**

**नारायणा हेल्थकेयर ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र में हर स्थान तक पहुंचा रहा सेवाएं**



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। भारत में स्वास्थ्य सेवा को लेकर महानगरीय क्षेत्रों, ग्रामीण व छोटे शहरों के बीच असमानता दिखाई पड़ती है। महानगरीय क्षेत्रों के बड़े अस्पतालों में अत्याधुनिक उपकरण और उपचार हेतु कई प्रकार की सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो जाती हैं। वहीं दूसरी तरफ छोटे शहरों या फिर ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी कमी के कारण एक बड़ा अंतर पैदा हो जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों और शहरी क्षेत्र के लोग बड़े शहरों का सफर करते हैं और इस दरमियान उन्हें कई प्रकार की वित्तीय व अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। खासकर ऑन्कोलॉजी में रोगियों को बेहतर देखभाल और उपचार की आवश्यकता होती है। इन्हीं सब मुद्दों को ध्यान में रखते हुए नारायणा हॉस्पिटल गुरुग्राम की ओपीडी बुलंदशहर में आयोजित की गई। जिसमें डॉ. देबाशीष चौधरी, सीनियर कंसल्टेंट एंड क्लीनिकल लीड, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी मरीज के इलाज एवं संपर्क हेतु उपस्थित रहे। यह ओपीडी हर बुधवार, समय सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक मातृछाया अस्पताल, बुलंदशहर में आयोजित की जाएगी। डॉ. देबाशीष चौधरी, सीनियर कंसल्टेंट एंड क्लीनिकल लीड, ने बताया कि, ग्रामीण और बड़े शहरों में ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र में इस अंतर को कम करने के लिए यह प्रयास एक प्रभावी समाधान ला सकता है। कैंसर की रोकथाम और शुरुआती पहचान के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाना, सामुदायिक जांच कार्यक्रम लागू करना और टेली-ऑन्कोलॉजी सेवाओं का विस्तार करना देखभाल में मौजूदा कमियों को कम करने में मदद कर सकता है। आखिरकार, किसी भी स्वास्थ्य सेवा समस्या के निदान के लिए सबसे पहला कदम है कि उसकी समय पर पहचान हो सके और ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र में जल्द इलाज शुरू करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऑन्कोलॉजिस्ट के रूप में, हम ज़रूरतमंदों तक सीधे देखभाल पहुँचाने में विश्वास करते हैं। इस उद्देश्य से, हम बुलंदशहर, बिजनौर, मुज़फ़्फ़रनगर, रेवाड़ी, पानीपत और श्रीनगर जैसे दूरदराज के इलाकों में साप्ताहिक आउटरीच ओपीडी आयोजित करते हैं, जहाँ मरीजों के दरवाज़े पर ही परामर्श, निदान और उपचार योजनाएँ प्रदान की जाती हैं।
यह दृष्टिकोण मरीजों और उनके परिवारों को यात्रा के अतिरिक्त बोझ के बिना उनकी देखभाल के बारे में निर्णय लेने में सक्षम बनाता है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, हजारों ने दी अंतिम विदाई



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

रामघाट/बुलन्दशहर (हितेश शर्मा)। कोतवाली अतरौली क्षेत्र के अलीगढ़-रामघाट मार्ग पर अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान 42 वर्षीय दिनेश कुमार लोधी के रूप में हुई है, जो अतरौली तहसील क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर बढ़ैरा, जिला अलीगढ़ के निवासी थे। दिनेश कुमार अपने खेत से घर लौटते समय सत्यवीर सिंह यादव के दूध प्लांट के पास किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें तत्काल वरुण हॉस्पिटल, अलीगढ़ में भर्ती कराया गया था, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उन्हें यशोदा हॉस्पिटल, गाजियाबाद भेजा गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। दिनेश कुमार का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया, और उनका अंतिम संस्कार रामघाट के गंगा घाट पर किया गया। इस दुखद घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक के परिवार में पत्नी, दो बेटे और एक बेटी हैं, जो अब अपनों के बिना रह गए हैं। पूर्व ब्लाक प्रमुख मनोज कुमार लोधी, एटा के पूर्व भाजपा सांसद राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया, भाजपा विधायक चंद्रपाल सिंह लोधी, ठाकुर श्यौराज सिंह, और अन्य नेताओं के साथ हजारों लोग रामघाट पहुंचे और नम आंखों से मृतक को अंतिम विदाई दी। सभी ने परिजनों को ढांढस बंधाया और इस दुखद समय में उनके साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया।

# अहमदगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक को महाकुंभ 2025 की मासिक पत्रिका देकर सम्मानित किया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

अहमदगढ़ (हितेश शर्मा)। भारतीय मानवाधिकार परिवार मेरठ मंडल अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने शुक्रवार सुबह अहमदगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज मलिक को महाकुंभ 2025 की मासिक पत्रिका भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पत्रकार अनिल कुमार मीणा, डीके निगम, जगवीर सिंह मीणा, नरेंद्र सिंह राघव सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। राजकुमार शर्मा ने महाकुंभ 2025 की मासिक पत्रिका की महत्ता को रेखांकित करते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक को इस सम्मान से नवाजा, और उनके द्वारा की जा रही कड़ी मेहनत की सराहना की। यह कार्यक्रम क्षेत्र में सामाजिक समरसता और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया था।

# दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की मोटरसाइकिल बरामद



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

शिकारपुर (रिशू कुमार)। छतारी पुलिस ने अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए गए अभियान के तहत 23 और 24 जनवरी 2025 की रात संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल भी बरामद की। गोधा बम्बा से लालगडी रोड के पास बाग के पास पुलिस ने विपिन और लोकेश नामक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से एक होंडा लिवो मोटरसाइकिल (नं. RJ-29SS-1366) बरामद हुई, जिसे राजस्थान के जयपुर जिले के गांधी नगर थाना क्षेत्र से चोरी किया गया था। इस संबंध में गांधी नगर थाना पर पहले ही मामला दर्ज किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। लोकेश के खिलाफ जयपुर में और विपिन के खिलाफ छतारी थाने में चोरी के मामलों की रिपोर्ट दर्ज है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुअस 25/25 धारा 317(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया और उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष सन्दीप कुमार, एसआई उदयवीर सिंह, एसआई रामकुमार और अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के राज्यमंत्री रामकांत उपाध्याय जी का बुलंदशहर में स्वागत



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के राज्यमंत्री श्री रामकांत उपाध्याय जी का बुलंदशहर में स्वागत किया गया। उनके बुलंदशहर आवास पर आगमन पर क्षेत्रीय लोगों और कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर श्री रामकांत उपाध्याय जी ने सभी से आशीर्वाद प्राप्त किया और गौ सेवा के क्षेत्र में अपनी योजनाओं और कार्यों को साझा किया। उन्होंने गौ संरक्षण और गोवंश की भलाई के लिए प्रदेश सरकार की नीतियों का समर्थन किया और सभी से मिलकर कार्य करने की अपील की। कार्यक्रम में स्थानीय नेताओं और नागरिकों ने उनका स्वागत करते हुए उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। रामकांत उपाध्याय जी का यह आगमन क्षेत्रवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर था, जिससे उन्हें गौ सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली।

## संक्षिप्त समाचार

# खूंटे से बंधी दो भैंस चोरी, पुलिस जांच में जुटी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

शिकारपुर (रिशू कुमार)। सलेमपुर थाना क्षेत्र के भटौला मिलक गांव में चोरों ने बृहस्पतिवार की भोर में एक किसान की दो भैंसें चुरा लीं। पीड़ित ने पुलिस को सूचित किया और घटना की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। भटौला मिलक गांव के निवासी शिव कुमार ने बताया कि वह रात को खाना खाने के बाद अपनी दोनों भैंसों को घेर में बांधकर घर में सोने चले गए थे। रात करीब दो बजे जब वह घेर में पहुंचे तो दोनों भैंस गायब थीं। काफी खोजबीन के बाद भी उनका कोई पता नहीं चला। शिव कुमार ने घटना की सूचना थाना पुलिस को दी, और पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। थानाक्षेत्र के प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार चौहान ने बताया कि मामले को संज्ञान में लिया गया है और पीड़ित से प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। पुलिस टीम ने अपराधियों को जल्द पकड़ने के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं।

# 27 जनवरी को रोजगार मेले का आयोजन, चार सौ पचास पदों पर चयन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलन्दशहर (हितेश शर्मा)। जिला सेवायोजन कार्यालय और मॉडल कॅरियर सेण्टर, बुलन्दशहर द्वारा 27 जनवरी 2025 को प्रात: 11.00 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय, निकट विकास भवन, बुलन्दशहर में होगा। इस रोजगार मेले में लगभग तीन कंपनियाँ और निजी नियोजक भाग लेंगे। कंपनियाँ उच्च विद्यालय, इंटरमीडिएट, और स्नातक उत्तीर्ण बेरोजगार छात्रों/छात्राओं के लिए तकनीकी और गैर-तकनीकी पदों पर करीब 450 उम्मीदवारों का चयन करेंगी। रोजगार मेले में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को सेवायोजन विभाग की वेबसाइट rojgaarsangam.up-.gov.in पर अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। यह रोजगार मेला बेरोजगार युवाओं को अपनी योग्यताओं के आधार पर रोजगार के अवसर प्रदान करेगा और क्षेत्र के विकास में अहम भूमिका निभाएगा।

# बुलन्दशहर जनपद में सफलतापूर्वक आयोजित हुई ग्राम चौपाल

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलन्दशहर (हितेश शर्मा)। बुलन्दशहर जनपद में प्रत्येक विकास खंड की दो-दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। कुल बत्तीस ग्राम चौपालों में तीन सौ पांच ग्राम स्तरीय और विकास खंड स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया। इस आयोजन में दो हजार एक सौ चौवन ग्रामीणों ने प्रतिभाग किया, और चौपालों में कुल तिरासी शिकायतें प्राप्त हुईं। ग्राम चौपाल में प्राप्त तिरासी शिकायतों में से अठहत्तर का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि बाकी पांच शिकायतों का निस्तारण शीघ्र ही किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, ग्राम चौपालों के दौरान विकास खंड और ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारियों ने चौवन परियोजनाओं का भी निरीक्षण किया। इस ग्राम चौपाल के आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना और विकास कार्यों की स्थिति का निरीक्षण करना था। इस प्रयास से प्रशासन की कार्यकुशलता को बढ़ावा मिला और ग्रामीणों को अपने मुद्दों के समाधान के लिए एक मंच प्राप्त हुआ।

# बुलंदशहर में महान समाजवादी नेता श्री कर्पूरी ठाकुर जी की जयंती मनाई गई



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर महान समाजवादी नेता श्री कर्पूरी ठाकुर जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय सचिव छात्र सभा विनीत राणा ने की। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के प्रमुख नेता लोधी चरन सिंह राजपूत, यासमीन तलत उस्मानी, त्रिलोकी अग्रवाल, नवाबशाह जलाली, शेर, मौ आस मोहम्मद गाजी, नंद किशोर कपिल गिरी, शिव बाल्मीकि और अन्य कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने मिलकर कर्पूरी ठाकुर जी की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर विनीत राणा ने कर्पूरी ठाकुर जी के समाजवादी विचारों और उनके संघर्ष की सराहना करते हुए कहा कि उनके आदर्शों का पालन करते हुए समाज में समानता और भाईचारे को बढ़ावा देना हमारी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कर्पूरी ठाकुर जी की जयंती को याद करते हुए उनके योगदान को नमन किया और उनके विचारों को समाज में फैलाने का संकल्प लिया।

# राज्यमंत्री रामकांत उपाध्याय जी ने बुलंदशहर की कान्हा गौशाला का औचक निरीक्षण किया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के राज्यमंत्री श्री रामकांत उपाध्याय जी ने आज बुलंदशहर जिले की कान्हा गौशाला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गौशाला में रख-रखाव, गौवंश की देखभाल और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जो भी कमियां पाई गईं, उन्हें तुरंत ठीक करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। राज्यमंत्री श्री रामकांत उपाध्याय जी ने कहा कि गौशाला में गौवंश की देखभाल सर्वोपरि होनी चाहिए और सभी व्यवस्थाएं बेहतर से बेहतर हों, ताकि गोवंश को कोई कठिनाई न हो। उन्होने अधिकारियों से कहा कि वे जल्द से जल्द इन कमियों को दूर कर रहे आवश्यक सुधार लागू करें, ताकि गौशाला का संचालन और गौ संरक्षण कार्य सुचारू रूप से चल सके। राज्यमंत्री के निरीक्षण से गौशाला के कर्मचारियों और अधिकारियों में उत्साह और सुधार की दिशा में काम करने की प्रेरणा मिली।